तापमान
अधिकतम 29.0 डिग्री
न्यूनतम 25.6 डिग्री

हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, मंगलवार 29 जुलाई 2025


अरपा में पानी की धार तेज होने से दर्रीघाट में बनाई जा रही सड़क किनारे मिट्टी का कटाव बढ़ गया है।



# नहीं थम रहा रफ्तार का कहर : फिर सड़क पर बैठे मवेशियों को भारी वाहनों ने कुचला, 24 की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहर के आउटर में रफ्तार का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है। बीती रात अज्ञात वाहन के चालक ने बेलगाम खतरनाक तरीके से चलाते हुए नेशनल हाइवे ग्राम कडार में मवेशियों को कुचल दिया। हादसे में 18 मवेशियों की मौत हो गई और एक घायल हो गया। इसी तरह मस्तूरी मार्ग पर 6 मवेशियों को कुचलने के बाद चालक गाड़ी से लेकर भाग गया। पुलिस दोनों मामले में जांच में जुट गई। बहरहाल देर रात तक वाहनों का पता नहीं चल पाया था।

- नेशनल हाइवे पर हुए दो हादसे

चकरभाठा पुलिस के अनुसार, रविवार की रात एनएस 200 सारधा मोड़ कड़ार के पास सड़क पर मवेशी झुंड बनाकर बैठे हुए थे। देर रात करीब 12 से 3 बजे के बीच अज्ञात वाहन के चालक ने खतरनाक तरीके से गाड़ी चलाते हुए सड़क पर बैठे 19 मवेशियों को कुचल दिया। हादसे में 18 मवेशियों की मौत हो गई और 1 घायल हो गया है। चीख सुनकर गांव वाले हाइवे पर जाकर देखे तो सड़क पर मवेशी खून से लथपथ पड़े हुए थे। हादसे के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने नाराजगी जताते हुए जमकर हंगामा मचाया। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मवेशियों को सड़क से उठाकर किनारे कराया गया। पुलिस ने कड़ार के सरपंच बृजेश दुबे की रिपोर्ट पर अज्ञात वाहन के चालक के खिलाफ 281, 325, 184 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया गया है।



## 14 दिन पहले 12 मवेशियों की मौत हुई थी

विगत 14 जुलाई की रात रतनपुर पेंड्रा मार्ग में बारीडीह के पास अज्ञात वाहन के ड्राइवर ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए सड़क पर बैठे मवेशियों को कुचल दिया था। हादसे में 12 मवेशियों की मौत हो गई और 5 घायल हुए थे।


रफ्तार का कहर : 12 मवेशियों की मौत, 5 घायल
बेलगाम वाहन ने सड़क पर बैठे मवेशियों को कुचला

## हाईकोर्ट की सख्ती के बाद भी अधिकारी लापरवाह

सड़क दुर्घटना में मवेशियों की मौत के साथ ही मवेशियों के कारण हो रही दुर्घटना पर हाईकोर्ट ने संज्ञान लिया है। हाईकोर्ट ने सड़क की खराब स्थिति व मवेशियों के जमावड़े पर सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाया है। हाईकोर्ट ने यह भी कहा कि सभी जगह मुख्य सड़कों और हाईवे पर बहुत खतरनाक स्थिति है। अफसोस की बात है कि इस तरह के हादसे हो रहे हैं, शासन इन पर रोक लगाने के क्या उपाय कर रहा है? कोर्ट ने महाधिवक्ता से पूछा कि पूर्व में न्यायालय के आदेश पर कितना अमल किया गया है? कोर्ट ने यह भी टिप्पणी की है कि अगर, कोर्ट न देखे तो क्या सरकार काम ही नहीं कराएगी। कोर्ट ने स्थिति को सुधारने के लिए कहा है।

## दो मवेशी संचालकों के खिलाफ जुर्म दर्ज

टीआई उत्तम साहू ने बताया, चकरभाठा हादसे में मृत 4 मवेशियों के मालिकों का पता लगा लिया गया है। चारों मृत मवेशी कडार निवासी विजय वर्मा पिता झोरूराम वर्मा, कमलेश्वर वर्मा पिता रतन वर्मा की है। पुलिस ने दोनों मवेशी मालिक के खिलाफ बीएनएस की धारा 291 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है। वहीं अन्य मृत मवेशियों के मालिक का पता लगाया जा रहा है। उनके खिलाफ भी जुर्म दर्ज किया जाएगा।

## मस्तूरी लावर में 6 मवेशियों को कुचला

बीती रात 12 से 3 बजे के बीच नेशनल हाइवे 49 लावर मोड़ के पास अज्ञात वाहन के चालक ने 6 मवेशियों को कुचल दिया। हादसे में सभी मवेशियों की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर सोमवार की सुबह गौसेवा के सदस्यों ने मौके पर पहुंचकर मृत मवेशियों को दफनाया। पुलिस ने गौरक्षा के सदस्य विकास यादव की रिपोर्ट पर अज्ञात वाहन के चालक के खिलाफ 281, 325 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

# 8 करोड़ में बना गोकुलधाम फिर भी चारों ओर मवेशियों का झुंड

शहर की सड़क, गली, मोहल्ले पर एक नजारा आम है। वह है झुंड बनाकर बैठी गायों का। कभी इसपर लोग टकरा जाते हैं, तो लड़ते झगड़ते ये बाइक सवारों पर टकरा जाती है। इससे हुई कई घटनाओं में लोग गंभीर रूप से घायल हो चुके हैं तो कुछ की मौत हो चुकी है। इसके बावजूद निगम प्रशासन ध्यान देने तैयार नहीं है। हैरानी यह कि सरकार ने 8 करोड़ खर्च कर गोकुलधाम बनाया है जो फेल होता नजर आ रहा है। यही नहीं 5 गौशालाओं को सालाना 78 लाख का अनुदान भी दिया जा रहा है फिर भी मवेशी सड़क पर पसरे मिल जाते हैं। कलेक्टर से लेकर कमिश्नर सभी लगातार निर्देश दे रहे हैं। ऐसे निर्देश पहले भी दिए जा चुके हैं। यहां तक की हाईकोर्ट की फटकार का भी असर नहीं पड़ रहा है।

- कई लोग दुर्घटनाओं में घायल हो चुके हैं तो कुछ की मौत हो चुकी

फिलहाल ट्रैफिक की सबसे बड़ी समस्या अधिकारियों की लापरवाही और मवेशी कहे जाएं तो गलत नहीं होगा। मोपका रोड, छठ घाट पुल, रायपुर नेशनल हाइवे रोड, अल्का एवन्यू रोड, दर्रीघाट पुल, शनिचरी रपटा, जूना बिलासपुर, लिंक रोड सहित गली-मोहल्लों की सड़कों तक गाय-भैंसों के जमावड़े से जाम हो रही है। इनसे स्कूली बच्चों सहित आफिस आना-जाना करने वालों का समय तो खराब होता है जान भी जोखिम में रहती है।

इसी तरह गोंड़पारा, शनिचरी रोड, रिवर व्यू रोड, सिम्स से गोंड़पारा रोड, लोधीपारा, कोनी, देवरीखुर्द, लालखदान, सीपत चौक, अशोक नगर, लिंगियाडीह, शहर के चारों बाईपास के अलावा बिलासपुर से रतनपुर रोड, उसलापुर, सकरी, कोटा रोड, मस्तूरी रोड, दर्रीघाट, तिफरा काली मंदिर, परसदा, रायपुर रोड, सीपत रोड में सड़क पर बैठे गाय और भैंसें रोजाना लोगों की राह में परेशानी पैदा कर रही है।

## हाईकोर्ट की फटकार का भी असर भी नहीं पड़ रहा है



## पूरे शहर की हालत

- मोपका में निगम का बड़ा गौठान है। इसके बाद भी इस पूरे क्षेत्र में हर तरफ मवेशियों का झुंड सड़क पर देखा जा सकता है।
- उसलापुर रोड और अल्क एवेन्यू जाने वाली सड़क पर दिन हो या रात हमेशा मवेशियों का झुंड बीच सड़क पर बैठा दिख जाएगा।
- कोनी रोड में जहां कि छात्रों की भीड़ हमेशा रहती है वहां सीयू से लेकर अटल यूनिवर्सिटी तक कई जगहों पर मवेशी बैठे दिख जाएंगे।
- रायपुर रोड में तो हाईकोर्ट भी है जो अधिकारियों को कई बार फटकार लगा चुका है लेकिन तिफरा से लेकर आगे तक सिर्फ मवेशी दिखेंगे।

## किया जा रहा जुर्माना

जिला प्रशासन के साथ ही निगम अमला इस दिशा में काम तो कर रहा है। कुछ योजनाएं भी अलग से बनाईं गईं हैं। चरवाहे की संख्या बढ़ाई जा रही है जिससे की मवेशियों को कंट्रोल कर सकें। मवेशी पालकों को भी समझाइश दी जा रही है कि सड़कों पर खुला ना छोड़ें। सख्ती के साथ जुर्माना भी वसूला जा रहा है।

- **खजांची कुम्हार**, अपर आयुक्त, नगर

# पशु आहार की कीमतें आसमान पर, इसलिए सड़कों पर नजर आते हैं मवेशी

पशु आहार की आसमान छूती कीमतों ने मवेशियों को अपने ही घरों से बाहर का रास्ता दिखा दिया है। केवल एक मवेशी के दाना-कटिया-भूंसा का ही औसतन खर्च पांच हजार रूपए तक पहुंच चुका है। यही कारण है कि पशु मालिकों की रुचि पशुपालन से लगातार कम होती जा रही है, जिससे मवेशियों की उपस्थिति सड़कों पर ज्यादा देखने को मिल रही है। सड़क चाहे शहर के भीतर की हो या नेशनल हाईवे की। सड़क के बीचोंबीच बड़ी संख्या में बैठे मवेशी हर तरफ नजर आ जाएंगे। पशु आहार की लगातार बढ़ती कीमतें इसका एक बड़ा कारण है। घर में रखी गई गाय या भैंस के दुधारू होने की स्थिति में पशु मालिकों को सड़क पर छोड़ने के

## पांच हजार प्रतिमाह पहुंचा औसतन एक मवेशी का खर्चा

### आम आदमी के बजट से बाहर हो रहा पशुपालन

लिए विचार करना पड़ता है, लेकिन मवेशी अगर दुधारू नहीं है तो पशु मालिक इन्हें बाहर का रास्ता दिखाने में थोड़ी भी देरी नहीं कर रहे हैं। आज की स्थिति में बाजार में अकरी दाना 32 से 34 रूपए प्रतिकिलो की दर पर बिक रहा है। इसी तरह मिक्स दाना 25 से 28 रूपए, चना चुनी 34 रूपए प्रतिकिलो, चना भूंसी 32 रूपए, कोड़हा 8 रूपए प्रतिकिलो एवं पैरा कटिया 7 रूपए प्रतिकिलो की दर पर मिल रहा है। पशुपालकों के अनुसार एक मवेशी को एक समय के भोजन के रूप में चार किलो कटिया, दो किलो दाना, एक किलो कोड़हा एवं आधा किलो चुनी की जरूरत पड़ती है। इतने में ही प्रतिदिन एक टाईम के भोजन का खर्च 118 रूपए एवं दोनों समय के भोजन का खर्च 236 रूपए पहुंच जा रहा है। महीने का हिसाब किया जाए तो औसतन पांच से छह हजार रूपए केवल पशुओं को चारा खिलाने में ही खर्च करना पड़ेगा। इसी तरह पालतू पशुओं को बीमार पड़ने पर महीने में करीब इलाज व दवा के रूप में करीब एक हजार का खर्च हो ही जाता है। यही कारण है कि लोग अब अपने घरों पर पशुओं को पालने से परहेज करने लगे हैं, और वे बड़ी संख्या में सड़कों पर नजर आ रहे हैं।

## 33 एकड़ में बसा गोकुल नगर किस काम का

निगम प्रशासन ने घुरु में 33 एकड़ क्षेत्र में गोकुल नगर बसाया है। बिजली के अलावा इमरजेंसी के लिए जनरेटर सेट से लेकर तमाम सुविधाएं जुटाने पर करीब 8 करोड़ रुपए खर्च किए जा चुके हैं। इसके बाद भी वहां 46 डेयरियां ही शिफ्ट हुईं। बाकी 46 डेयरी संचालकों को प्लॉट लिए महीनों गुजर गए, लेकिन उन्होंने अपने शेड नहीं बनाए। शहर में इस समय 100 से अधिक डेयरियां चल रही हैं, जिन्हें गोकुल नगर में शिफ्ट किए बिना ट्रैफिक की समस्या हल नहीं होगी।







# तहसीलदार हड़ताल पर, कामकाज ठप

### तीन दिन तहसील में नहीं होंगे कोई काम, भटकते रहे लोग


17 सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदर्शन करते तहसीलदार संघ के पदाधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

छत्तीसगढ़ कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा संघ के बैनर तले अपनी 17 सूत्रीय मांगों को लेकर जिले के नायब तहसीलदार और तहसीलदार सोमवार को सामूहिक अवकाश पर रहे। इस दौरान तहसील कार्यालयों में सन्नाटा पसरा रहा, लेकिन पक्षकार भटकते नज़र आये। संघ के अनुसार अभी 29 एवं 30 जुलाई को भी उनका प्रदर्शन जारी रहेगा।

संसाधन नहीं तो काम नहीं स्लोगन के साथ प्रदेश के नायब तहसीलदार और तहसीलदारों ने सोमवार से चरण बद्ध प्रदर्शन प्रारम्भ कर दिया है। इसके अंतर्गत सोमवार 28 जुलाई को अपने अपने जिले में एक दिवसीय सामूहिक अवकाश लेकर प्रदर्शन किया गया। 29 जुलाई को संभाग एवं राज्य स्तर पर प्रदर्शन किया जायेगा। इसी तरह 30 जुलाई को राज्य स्तर पर प्रदर्शन किया जाएगा। संघ ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि शासन द्वारा अगर उनकी मांगें नहीं मानी गयी तो वे अनिश्चित कालीन हड़ताल पर चले जायेंगे।

संघ ने अपनी मांग और प्रदर्शन के संबंध में पहले ही शासन को अवगत करा दिया था। सोमवार को जिले की सभी तहसील में किसी भी अधिकारी ने अपनी उपस्थिति नहीं दिखाई। सारी कुर्सी खाली रही, जिससे राजस्व से सम्बंधित कोई कामकाज नहीं हुए। इसके विपरीत अपने अपने जरुरी कामकाज को लेकर तहसील कार्यालय पहुंचे आम लोगों को बड़ी परेशानी हुई। लोग अधिकारी के आने का इंतजार करते रहे, लेकिन हड़ताल की बात पता चलने पर उन्हें निराश होकर वापस लौटना पड़ा।

संघ द्वारा तहसील कार्यालय में स्टाफ की भर्ती, अधिकारियों की सुरक्षा व्यवस्था, वाहन व ईंधन की समुचित व्यवस्था, नायब तहसीलदारों को राजपात्रित का दर्जा देने व डिप्टी कलेक्टर पद पर प्रमोशन में 50-50 का रेशयो रखने सहित सत्रह सूत्रीय मांगें शामिल हैं।



## गणेशनगर पानी टंकी की सफाई आज

**बिलासपुर।** गणेश नगर क्षेत्र में मंगलवार की शाम के समय जल प्रदाय बाधित रहेगा। निगम के जल विभाग द्वारा गणेश नगर स्थित पानी टंकी की सफाई कराई जाएगी। इसलिए पानी टंकी से जल आपूर्ति से जुड़े गणेश नगर, नयापारा, चुचिहियापारा के क्षेत्रों में शाम के समय जल आपूर्ति बाधित रहेगी। इन क्षेत्रों के नागरिकों से सुबह के समय पानी का संचय करने की अपील की गई है।

# दूसरे समाज की युवती से शादी करने पर डीएसपी के परिवार का किया सामाजिक बहिष्कार, जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** सरगुजा संभाग में पदस्थ डीएसपी ने दूसरे समाज की युवती से शादी कर ली। इससे उनके समाज के लोगों ने गांव में रहने वाले परिजन का सामाजिक बहिष्कार कर दिया, परिजन को प्रताड़ित करना भी शुरू कर दिया। पुलिस ने प्रताड़ित करने वालों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

- सरगुजा संभाग में पदस्थ हैं डीएसपी

कोटा पुलिस के अनुसार, सकरी आसमा सिटी निवासी मैखेलेन्द्र प्रताप सिंह पुलिस विभाग में डीएसपी के पद पर पदस्थ हैं। वर्तनान में सरगुजा संभाग में उनकी पदस्थापना है। उन्होंने दूसरे समाज की युवती से शादी की है। इससे उनके गांव बेलगहना मानिकपुर में रहने वाले भाई बहन को समाज के लोगों ने सामाजिक बैठक लेकर बहिष्कृत कर दिया। समाज के लोग उनके परिजन को प्रताड़ित भी कर रहे हैं। उनके परिजन को रिश्तेदारों के यहां शादी व अन्य कार्यक्रम होने पर शामिल नहीं होने दिया जा रहा है। समाज के लोगों की प्रताड़ना से त्रस्त होकर भाई बहन ने डीएसपी को जानकारी दी। डीएसपी श्री सिंह ने कोटा थाने में प्रताड़ित करने वाले समाज के लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर वीरेन्द्र कुमार सिंह, श्रवण सिंह, धर्मेन्द्र पाल एवं अन्य के खिलाफ बीएनएस की धारा 7, 2, 296, 3, 5, 351, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।



## खबर संक्षेप

### राजकिशोर नगर में औषधीय पौधों की प्रदर्शनी आज

**बिलासपुर।** आयुर्वेद के महान आचार्य चरक की जयंती पर निरामय आयुर्वेद धातुसाम्य चिकित्सा परामर्श केन्द्र राजकिशोर नगर द्वारा 29 जुलाई क औषधीय पौधों की प्रदर्शनी लगाई जाएगी। यह प्रदर्शनी सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक रहेगी। इस अवसर पर राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित ख्यातिलब्ध लेखिका तुलसी देवी तिवारी के निरामय आयुर्वेद के संकलन मेडिकल प्लांट एंड देयर यूजेस का विमोचन भी किया जाएगा। इसमें आयुर्वेद चिकित्सक डा.विवेक दुबे औषधीय पौधों के उपयोग की जानकारी देंगे।

### पुस्तक दिव्यांगता: अधिकार अवसर और आशा का विमोचन



**रायपुर।** छग राज्य में शिक्षा जागरूकता के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण अवसर और आशा नामक राज्य स्तरीय पुस्तक का विमोचन रायपुर में उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने किया। इस पुस्तक की संपादनकर्ता शिक्षिका सुश्री के. शारदा ने राज्य के विभिन्न 33 जिलों के समर्पित शिक्षकों की एक टीम बनाकर इस बहुपयोगी पुस्तक का निर्माण किया। इस अवसर पर श्री साव ने कहा कि यह पुस्तक दिव्यांगजनों और उनके परिवार के लिए बहुत ही उपयोगी सिद्ध होगा। पुस्तक में दिव्यांगता से संबंधित समस्त जानकारी का समावेश किया गया है जैसे कि शासन से मिलने वाली सुविधाएं। इन सुविधाओं को पाने के लिए क्या करना होगा किससे संपर्क करना होगा । इस पुस्तक में क्यूआर कोड्स जोड़े गए हैं, जिसे स्कैन करने पर छात्र वीडियो सामग्री देख सकते हैं, वीडियो न केवल पाठ्यवस्तु को सरल और रोचक ढंग से प्रस्तुत करते हैं। अवसर पर उप मुख्यमंत्री ने सभी सहभागी शिक्षकों का सम्मान भी किया। इसमें छत्तीसगढ़ राज्य के 39 नवाचारी शिक्षकों का योगदान रहा। इसमें सुश्री के. शारदा, धर्मानंद गोजे, वसुंधरा गोजे, बिलासपुर जिले से मुख्य लेखक मस्तूरी ब्लाक से सुश्री चानी ऐरी , अमरदीप भोगल और बिल्हा से कलेश्वर साहू थे।

### डॉ. बृजेश सिंह का आलेख संग्रह 'छत्तीसगढ सौरभ' विमोचित



**बिलासपुर।** साहित्यकार डॉ.बृजेश सिंह द्वारा लिखित आलेख/निबंध संग्रह 'छत्तीसगढ़ सौरभ' का विमोचन श्रीपंचशनाम जूना अखाड़ा के अष्टकौशल महन्त डॉ. योगानन्द गिरि महाराज के मुख्यातिथ्य, साहित्यकार डॉ. जितेन्द्रकुमार सिंह 'संजय' के विशिष्टातिथ्य और डॉ. विनयकुमार पाठक के सभापतित्व में पुस्तक-लोकार्पण एवं सम्मान-समारोह विकास संस्कृति साहित्य अकादमी के केन्द्रीय कार्यालय विद्यानगर में किया गया। अतिथियों ने बताया कि 'छत्तीसगढ़ सौरभ' ग्रंथ में छत्तीसगढ़ की पर्यावरणीय संस्कृति महानदी घाटी सभ्यता और जलसंरक्षण पर विशेष सामग्री का समावेश है। इस अवसर पर डॉ. पाठक ने शाल-श्रीफल आदि भेंटकर महन्त डॉ. योगानन्द को सम्मानित किया। राष्ट्रकवि डॉ. बृजेश सिंह को पुस्तक भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डॉ. आभा गुप्ता, धर्मेन्द्रकुमार सिंह 'राजेश', ज्ञानेन्द्रकुमार सिंह 'बृजेश', एम के जैन, एम पी साहा, प्रदीप कुमार, संदीप कुमार,डॉ पिंकी सिंह आदि मौजूद थे।

### साकेत महिला मंडली ने महादेव का किया आकर्षक श्रृंगार



**बिलासपुर।** अग्रसेन चौक स्थित साकेत अपार्टमेंट के मधुकेश्वर महादेव मंदिर में सावन माह के पावन सोमवार के अवसर पर भक्ति एवं श्रद्धा से परिपूर्ण विशेष आयोजन किया गया। इस अवसर पर साकेत महिला मंडली द्वारा भगवान महादेव का अत्यंत आकर्षक श्रृंगार एवं मंदिर की भव्य साज-सज्जा की गई। जिससे पूरा परिसर शिवमय हो गया। महिलाओं ने परंपरागत परिधानों में सामूहिक रूप से भगवान शिव की पूजा-अर्चना कर जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक व बिल्व पत्र अर्पण जैसे धार्मिक अनुष्ठान संपन्न किए। मंदिर को फूलों, दीपों और रंगोली से सजाया गया। वहीं मधुर भजनों और शिव स्तुति से माहौल भक्तिमय बना रहा। स्थानीय श्रद्धालुओं ने भी बड़ी संख्या में मंदिर पहुंचकर शिव दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। महिला मंडली के इस आयोजन की सभी ने सराहना की और इसे एक आदर्श धार्मिक एवं सामाजिक पहल बताया। सावन सोमवार के इस आयोजन ने श्रद्धा, सौहार्द और भक्ति का अनुपम संगम प्रस्तुत किया।

### गेड़ी नृत्य दल के साथ सीएम ने मनाया हरेली तिहार



**बिलासपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निवास पर आयोजित हरेली तिहार में बिलासपुर तिफरा की सांस्कृतिक संस्था लोक श्रृंगार भारती गेड़ी लोक नृत्य दल के कलाकारों को आमंत्रित किया गया। जिसमें लोक श्रृंगार भारती के अध्यक्ष अनिल कुमार गढ़ेवाल के नेतृत्व में 24 जुलाई को मुख्यमंत्री के समक्ष गेड़ी लोक नृत्य का प्रदर्शन कर गेड़ी तिहार की गरिमा को चार चांद लगा दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस आधुनिक युग में भी छत्तीसगढ़ की मूल संस्कृति के मूल स्वरूप को जीवित रखना यह बहुत बड़ा कार्य है। गेड़ी नृत्य कलाकारों में अमित भार्गव, चंद्रशेखर केवट तथा भारत वस्त्रकर, फागूराम सूर्यवंशी ने की भूमिका रही। गेड़ी लोक नृत्य का निर्देशन एवं गीत संयोजन अनिल गढ़ेवाल ने किया।

# उसलापुर बना जोन का पहला ड्राप एंड गो स्वचलित बूम बेरियर स्टेशन, यात्रियों की परेशानी होगी दूर

**बिलासपुर।** उसलापुर रेलवे स्टेशन में व्यवस्थित पार्किंग के लिए बिलासपुर रेल मंडल की पहल पर स्वचलित बूम बेरियर लगाया गया है, जो एसईसीआर जोन में ड्राप एंड गो लागू करने वाला पहला स्टेशन बन गया है। इस नई व्यवस्था से यात्रियों और वाहन चालकों को होने वाली परेशानी दूर होगी।

■ रेलवे कामर्शियल विभाग की पहल




दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर डिवीजन अंतर्गत उसलापुर रेलवे स्टेशन को यात्री सुविधाओं की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि मिली है। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अनुराग कुमार सिंह की पहल पर मंडल वाणिज्य विभाग ने स्टेशन परिसर में ड्राप एंड गो की अत्याधुनिक सुविधा शुरु कर दी है, जिससे यात्रियों को अपने परिजन को स्टेशन छोड़ने और लेने के लिएसात मिनट तक पार्किंग शुल्क निःशुल्क रहेगा। उसलापुर स्टेशन इस सुविधा को लागू करने वाला दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे जोन का पहला स्टेशन बन गया है। सुविधा की पारदर्शिता बनाए रखने स्टेशन पर अत्याधुनिक आटोमेटिक बूम बेरियर लगाया गया है, जो वाहन के प्रवेश और निकास समय को स्वतः रिकार्ड करता है। यदि कोई वाहन सात मिनट से अधिक स्टेशन परिसर में रोका जाता है तो निर्धारिक शुल्क लागू होगा। स्टेशन परिसर में पार्किंग व्यवस्था को विवाद रहित और व्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से यह पहल की गई है। इससे यात्रियों को सुविधा मिलने के साथ यातायात नियंत्रण में भी मदद मिलेगी। इस संबंध में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अनुराग कुमार सिंह ने बताया कि रेलवे का यह प्रयास उसलापुर रेलवे स्टेशन को स्मार्ट और यात्री अनुकूल बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इस सुविधा के माध्यम से यात्रियो को तेज, पारदर्शी और विवार मुक्त पार्किंग अनुभव प्राप्त होगा।

# बिलासपुर से रायपुर के बीच चौथी लाइन को मिली स्वीकृति

**बिलासपुर।** रेलवे बोर्ड ने बिलासपुर से रायपुर के बीच चौथी लाइन की परियोजना को हरी झंडी दे दी है। इसमें पहले चरण में दाधापारा से बिलासपुर के बीच चौथी लाइन के लिए 60.94 करोड़ रुपए और दगौरी से निपनिया के बीच चौथी लाइन के लिए 173.33 करोड़ रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई है।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर जोन झारसुगुड़ा के ईब से लेकर महाराष्ट्र के नागपुर तक और मध्यप्रदेश के कटनी मुड़वारा तक है। इसमें छत्तीसगढ़ के अलावा ओडिशा, मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र के प्रदेश में लाइन का विस्तार तेजी से किया जा रहा है, ताकि ट्रेन परिचालन सुचारू रूप से किया जा सके। वर्तमान में बिलासपुर से कटनी मुड़वारा के बीच तीसरी लाइन परियोजना के तहत कटनी से पेण्ड्रारोड के बीच कार्य कम्पलीट किया जा चुका है। इसके अलावा बिलासपुर से झारसुगुड़ा तक चौथी लाइन का कार्य करने के कारण ट्रेनों को भी रद्द करते हुए यात्रियों को भी परेशान किया जा रहा है। इस चौथी लाइन को विस्तार करते हुए मुम्बई से हावड़ा ट्रंक रूट पर स्थित रायपुर और बिलासपुर के बीच तीसरी लाइन पर ट्रेनें चल रही हैं। इसके कारण ट्रेन यातायात प्रभावित होता है।

चौथी लाइन की परियोजना को आगे बढ़ाते हुए बिलासपुर और रायपुर के बीच दो महत्वपूर्ण खंड दाधापारा से बिलासपुर के बीच 3.48 किलोमीटर और दगौरी से निपनिया स्टेशन के बीच 6.86 किलोमीटर में चौथी लाइन के निर्माण किए जाने रेलवे बोर्ड ने स्वीकृति प्रदान कर दी है। इसमें दगौरी से निपनिया के बीच चौथी लाइन को 173.33 करोड़ रुपए में और दाधापारा से बिलासपुर के बीच चौथी लाइन 60.94 करोड़ की लागत से शुरु किया जाएगा। दोनों परियोजना में सिविल, विद्युत, ट्रैक्शन, सिग्नल एवं दूरसंचार कार्य शामिल है। रेलवे के अनुसार इन निर्माण कार्यो के दौरान स्थानीय श्रमिकों, चौथी लाइन के पूर्ण होने पर क्षेत्रीय औद्योगिक गतिविधियों को गति मिलेगी, जिससे सामाजिक आर्थिक विकास का मार्ग प्रशस्त होगा।

### रेलवे नॉर्थ ईस्ट इंस्टीट्यूट सभागार का आयोजन

# तेलुगू समाज की चार विभूतियों का किया गया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

तेलुगु समाज द्वारा आयोजित गौरव सम्मान समारोह में समाज को गौरवान्वित करने वाली विभूतियों का सम्मान किया गया। यह आयोजन रेलवे नॉर्थ ईस्ट इंस्टीट्यूट सभागार बुधवारी बाजार के पास संपन्न हुआ।

समारोह में सम्मानित होने वालों में छत्तीसगढ़ बेवरेज कॉरपोरेशन के नवनियुक्त अध्यक्ष श्रीनिवास राव मद्दी, बिलासपुर महापौर एल पद्मजा, सेंट जेवियर स्कूल के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ जीएस पटनायक, अमेटी ग्रुप ऑफ यूनिवर्सिटी के सीनियर डायरेक्टर डॉ अरुण पटनायक शामिल रहे। इसके अतिरिक्त उन जनप्रतिनिधियों का भी सम्मान हुआ जिन्होंने समाज का गौरव बढ़ाया है और विभिन्न क्षेत्रों में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। कार्यक्रम में तेलुगु समाज के बच्चों और युवाओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से वातावरण को जीवंत कर दिया। आंध्र समाज स्कूल के बच्चों ने पारंपरिक गीत, संगीत और नृत्य प्रस्तुत किए। भरत नाट्यम और तबला वादन आदि शास्त्रीय प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर प्रदेश तेलुगु महासंघम के प्रदेश अध्यक्ष आर मुरली, सचिव बी तुलसी राव, रायपुर जिलाध्यक्ष जी. स्वामी सहित अन्य जिलों के पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।



#### सम्मानित होना गर्व की बात

सम्मान ग्रहण करने के बाद श्रीनिवास राव मद्दी ने कहा कि विभिन्न संगठनों द्वारा सम्मानित किए जाने का आनंद तो होता है, लेकिन अपने समाज द्वारा सम्मानित होना उनके लिए विशेष गर्व की बात है। महापौर एल पद्मजा ने कहा कि एक महिला महापौर होने के नाते उन पर दोहरी जिम्मेदारी है। पूरे शहर के विकास के साथ ही वह सभी समाजों के विकास और उनकी गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभा रही है। भविष्य में भी तेलुगु समाज की हर आवश्यकता और सुख-दुख में साथ खड़ी रहेगी। डॉ जीएस पटनायक ने छत्तीसगढ़ को अपनी कर्मभूमि बताते हुए कहा कि यहां केवल फसल ही नहीं बल्कि प्रतिभाएं भी भरपूर है और उनका उत्साहवर्धन पूरे जोश के साथ किया जाता है। डॉ अरुण पटनायक ने अपने सम्मान के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भारतीय होने के नाते ईमानदारी से अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन समाज के प्रति सच्ची प्रतिबद्धता को दर्शाता है। वे शिक्षा के क्षेत्र में इसी भावना से अपना योगदान दे रहे हैं।

#### इनका रहा सहयोग

समारोह के सफल आयोजन में आंध समाज स्कूल समिति, श्री बालाजी व कोदंड रामालयम मंदिर समिति, श्री सत्य सांई सेवा समिति, श्री रामनवमीं समिति कंस्ट्रक्शन कॉलोनी, अन्नपूर्णा कॉलोनी, श्री सोलापुर माता पूजा समिति बारह खोली, लोको कॉलोनी, शुभम विहार, श्री मरीमाई माता पूजा समिति, तेलुगु संयुक्त समाज कल्याण समिति, कालिंगुलु समाज, बाड़बल्दीजिलु समाज, कासिम कोटा समाज की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# सीवीआरयू में मना हरेली तिहार छत्तीसगढ़ी व्यंजनों का लिया आनंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

डॉ सीवी रमन विश्वविद्यालय में हरेली त्यौहार मनाया गया, इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर प्रदीप कुमार घोष और कुलसचिव डॉ अरविंद कुमार तिवारी कृषि औजारों की पूजा अर्चना की।

■ कृतज्ञता का पर्व है हरेली: कुलसचिव

इस अवसर पर नारियल फेक, गेदी दौड़ सहित विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया। जिस पर सभी ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। यह आयोजन छत्तीसगढ़ी लोककला एवं संस्कृति केंद्र, छत्तीसगढ़ी संजोही, छत्तीसगढ़ी शोध एवं सृजन पीठ द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया गया था। कुलसचिव डॉ अरविंद कुमार तिवारी ने बताया कि वास्तव में हरेली तिहार कृतज्ञता ज्ञापित करने का पर्व है। जब किसान अपने किसी के खेती कार्य से मुक्त होकर लौटता है। तब वह हरेली अमावस्या के दिन अपने कृषि उपकरणों की पूजा करके उसे उसके प्रति कृतज्ञता अर्पित करता है। यह छत्तीसगढ़ी संस्कृति का महत्वपूर्ण पर्व है। इसे हमें यह शिक्षा भी मिलती है, कि हमें संजीव ही नहीं निर्जीव सामानों के लिए भी उसके प्रति कृतज्ञता व्यक्त करनी चाहिए। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर प्रदीप कुमार घोष ने कहा,कि जब तक हम वर्तमान पीढ़ी को हमारी संस्कृति की जानकारी नहीं देंगे। उनके अंदर संस्कार नहीं आएगा, और जब हम वर्तमान पीढ़ी को संस्कारिक करते हैं, तो निश्चित रूप से भावी पीढ़ी में यह स्वत ही हस्तांतरित हो जाती है।



हरेली तिहार मनाते सीवीआरयू के कुलसचिव।

उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ गांव में बसता है। यह कृषि प्रधान राज्य है, इस नाते भी हमें इसकी जानकारी होनी चाहिए। उन्होंने हरेली त्यौहार पर सभी को शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की समकुलपति डॉ ज्योति चटर्जी, दूरवर्ती शिक्षा के डायरेक्टर डॉ अभिषेक पाठक, प्राचार्य मनोज कुमार तिवारी, डॉ जयशंकर यादव सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी प्राध्यापक उपस्थित थे। इस अवसर पर गेड़ी दौड़ प्रतियोगिता, नारियल फेक प्रतियोगिता, छत्तीसगढ़ी गीत, कविता, निबंध, कहानी, छत्तीसगढ़ी व्यंजन, चित्रकला, पोस्टर और कृषि उपकरणों की पहचान, सजावट, पुराने कृषि औजारों की प्रदर्शनी, स्लोगन लेखन, भाषण प्रतियोगिता, का आयोजित किया गया। जिसमें 50 विद्यार्थियों एवं प्राध्यापकों ने हिस्सा लिया।

### कैट का आयोजन: लोकल फार वोकल



**बिलासपुर।** छोटे व्यापारियों व स्थानीय उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए कैट ने बिजनेस 3.0 वोकल फॉर लोकल का आयोजन किया। कैट बिलासपुर के अध्यक्ष किशोर पंजवानी, महामंत्री हीरानन्द जयसिंह ने बताया कि कैट बिलासपुर इकाई द्वारा बिजनेस 3.0 का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम व्यापार को बढ़ावा देने व कैट के सदस्य व्यापारियों को मंच प्रदान कर व्यापार को एवं नेटवर्क बढ़ाने के लिए बिज़नेस 3.0 का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि कैट के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जितेंद्र गांधी, प्रांतीय उपाध्यक्ष राकेश ओचवानी, प्रांतीय उपाध्यक्ष राजू सलूजा, कैट युवा प्रदेश अध्यक्ष कांति भाई पटेल, निर्वतमान युवा प्रदेश अध्यक्ष अवनीत सिंह रहे। अंत में बिलासपुर कैट इकाई के नवनियुक्त पदधारियों को नियुक्ति पत्र दिया गया। अनामिका दुबे, निहारिका त्रिपाठी को उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया। कैट अध्यक्ष किशोर पंजवानी एवं बिलासपुर महामंत्री हीरानंद जयसिंह ने बताया कि अब यह बिज़नेस कार्यक्रम बिलासपुर कैट पदाधिकारियों द्वारा प्रत्येक माह किया जाएगा। जिसमें कैट बिलासपुर द्वारा ट्रेड के व्यापारियों को भी बुलाया जाएगा और व्यापार का आदान प्रदान किया जाएगा। कार्यक्रम में हीरानन्द जयसिंह को जितेंद्र गांधी, राजू सलूजा, राकेश ओचवानी व किशोर पंजवानी ने सम्मानित किया। इसे सफल बनाने में किशोर पंजवानी, हीरानंद जयसिंह, आशीष अग्रवाल, दिलीप खेंडेलवाल, संजय मित्तल, सुरेंद्र सिंह अजमानी, व परमजीत उबेजा, प्रवीण सलूजा, अनिल गुप्ता, हरदीप होरा, प्रमोद वर्मा,विष्णु गुप्ता, अरविंद वर्मा, प्रवीण सोनी, गोविंद झमवानी आदि का सहयोग रहा।

### विजय ने मांगी प्रदेश की खुशहाली व समृद्धि

**बिलासपुर।** पखवाड़ेभर की धार्मिक यात्रा से रविवार को जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विजय केशरवानी सपरिवार शहर लौटे हैं। शहर प्रवास पर परिजनों व समर्थकों ने उनका आत्मीय स्वागत किया। स्वागत सत्कार के बाद विजय नेहरू नगर स्थित अपने निवास पहुंचे। पखवाड़ेभर की यात्रा के दौरान विजय बाबा अमरनाथ, बाबा बैजनाथ धाम और काशी विश्वनाथ मंदिर दर्शन पूजन के लिए पहुंचे।

सावन के महीने में महादेव की पूजा अर्चना कर छत्तीसगढ़वासियों के साथ ही अंचलवासियों की सुख समृद्धि का आशीर्वाद मांगा। जल भी अर्पण किए। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विजय केशरवानी ने बताया कि पखवाड़ेभर की यात्रा का कार्यक्रम तीन महीने पहले बन गया था। इसी के चलते परिवार व परिजनों के साथ धार्मिक यात्रा पर निकले थे। सबसे पहले बाबा अमरनाथ दर्शन के लिए गए। सोनमर्ग से बॉलटाल होते हुए बाबा अमरनाथ पहुंचे। यहां से बाबा बैजनाथ के दर्शन के लिए रवाना हुए। विजय ने बताया कि सुल्तानगंज से उत्तर गंगा से जल उठाकर बाबा बैजनाथ व पार्वती में चढ़ाया और रात के श्रृंगार आरती में शामिल हुए। मान्यता है कि उत्तर गंगा से लिया हुआ गंगा जल का आधा भाग



बाबा बैजनाथ से 60 किमी दूर स्थित बाबा वाशुकीनाथ में जल चढ़ाना जरुरी है। मान्यता को पूरा करने वाशुकीनाथ मंदिर पहुंचकर जलाभिषेक किया। बाबा काशी विश्वनाथ मंदिर के दर्शन के बाद सुबह तीन बजे के मंगला आरती में शामिल होकर स्पर्श दर्शन का पुण्यलाभ भी कमाया। सोमवार को धार्मिक यात्रा सम्पन्न हुई। आज रायपुर में प्रदेश कांग्रेस द्वारा आयोजित जिला कांग्रेस अध्यक्षों की बैठक में यात्रा के यादगार पल को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बेज और छत्तीसगढ़ सह प्रभारी विजय जांगीड को ज़िला कांग्रेस अध्यक्ष विजय केशरवानी ने जानकारी दी।

### आईसेक्ट व एनएसडीसी रोजगार मेला आज

**बिलासपुर।** गौरव पथ के आईसेक्ट क्षेत्रीय कार्यालय में 29 जुलाई को रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है।

इस दौरान 18 से अधिक कंपनियां सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक रोजगार मेले में उपस्थित होकर इंटरव्यू लेंगे । इस रोजगार मेले में स्नातक और स्नातकोत्तर उत्तीर्ण युवाओं का चयन किया जाएगा। आईसेक्ट के स्टेट हेड योगेश मिश्रा ने बताया कि एक दिवसीय रोजगार देने में बिलासपुर सहित अंचल के 18 से अधिक कंपनियां इंटरव्यू लेने आएंगे। 300 से अधिक पदों के लिए इंटरव्यू लिया जाएगा। इस दौरान चयनित युवाओं को 10000 से लेकर 25000 तक योग्यता अनुसार वेतनमान दिया जाएगा। चयनित युवा प्रदेश के विभिन्न संस्थाओं में अपनी सेवाएं प्रदान करेंगे।

■ 18 से अधिक नामी कंपनियां रोजगार देने पहुंचेंगी

### बी.टेक लेटरल एंट्री के लिए चौकसे पहली पसंद

बिलासपुर। राज्य तकनीकी शिक्षा संचालनालय द्वारा बी.टेक लेटरल एंट्री (द्वितीय वर्ष में प्रवेश) के लिए आयोजित ऑनलाइन काउंसिलिंग प्रक्रिया के तहत प्रवेश का सिलसिला तेजी से जारी है। इसके तहत प्रथम चरण 18 जुलाई को समाप्त हो गया।

पहले चरण में ही बिलासपुर के चौकसे इंजीनियरिंग कॉलेज की इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग ब्रांच की सभी सीटें भर चुकी हैं, जबकि अन्य ब्रांचों में भी अब केवल अंतिम कुछ सीटें ही शेष हैं। इस काउंसिलिंग का द्वितीय चरण प्रारंभ हो चुका है, जो 30 जुलाई तक चलेगा। कॉलेज प्रबंधन ने बताया कि कॉलेज को एनबीए और नैक जैसी राष्ट्रीय स्तर की प्रतिष्ठित मान्यताएं प्राप्त हैं। यहाँ महिला छात्राओं और महिला स्टाफ के लिए सुरक्षित एवं सहयोगी माहौल प्रदान किया जाता है, जो कॉलेज की प्राथमिकताओं में से एक है। यहां बी.टेक की नियमित काउंसिलिंग प्रक्रिया के तीन चरण पूरे हो चुके हैं, जिसके बाद अब केवल मैनेजमेंट कोटे की कुछ सीमित सीटें ही उपलब्ध हैं। इच्छुक छात्र जल्द संपर्क कर अपनी सीट बुक कर सकते हैं।

### मेयर व निगम कमिश्नर पहुंचे, किया निरीक्षण

# पत्रकार कालोनी में समस्याओं का अंबार, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सोमवार 28 जुलाई को सुबह महापौर पूजा विधानी ने कस्तूरबा नगर वार्ड - 19 में पत्रकार कॉलोनी और विशेष रूप से जतिया तालाब सहित आसपास के क्षेत्र का दौरा किया। उनके साथ निगम में जोन क्रमांक -3 की जोन कमिश्नर, संबंधित इंजीनियर व अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।

इस दौरान पत्रकार कॉलोनी के अध्यक्ष रामाधार देवांगन और पधाधिकारियों तथा जतिया तालाब मॉर्निंग और इवनिंग वॉकर्स ग्रुप के अध्यक्ष सुरेश उपाध्याय ने उन्हें दो अलग -अलग ज्ञापन सौंपे। महापौर पूजा विधानी ने क्षेत्र की समस्याओं के तत्काल निदान के लिए निगम अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।



उन्होंने जतिया तालाब में बारिश के पानी के भराव के लिए किए जा रहे निगम के कार्यों का भी निरीक्षण किया। उसे जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिये। ज्ञापन में बताया गया कि पत्रकार कॉलोनी, रिंग रोड न. 2 में जल निकासी की गंभीर समस्या है, जिससे यहां के लोगों को बहुत परेशानी हो रही है। बरसात के मौसम में कालोनी वासियों के घरों में पानी भर जाता है। जिससे भारी नुक़सान के साथ ही आवागमन में बाधा होती है। बीमारी का खतरा बढ़ जाता है। महापौर ने जल निकासी प्रणाली का निरीक्षण कर आवश्यक सुधार करवाने निर्देश दिए। भविष्य में ऐसी समस्याओं से बचने के लिए जल निकासी व्यवस्था को मजबूत करने की बात कही।

### प्राकृतिक चिकित्सा से हो रहा सफल इलाज

**बिलासपुर।** वेयर हाउस रोड स्थित ड्रीम पाथ नेचुरोपैथी क्लिनिक आयुष विश्वविद्यालय से पंजीकृत प्राकृतिक चिकित्सा संस्थान में गंभीर बीमारियों का उच्च स्तरीय उपचार सुलभ तरीके से किया जा रहा हैं। इसके डायरेक्टर एवं मुख्य चिकित्सक डॉ उमेश यादव ने बताया कि वे भारतीय प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति एवं योग के माध्यम से गंभीर रोगो का उच्च स्तरीय इलाज कर रहे हैं।



हेल्थ प्लस

संस्थान में विभिन्न रोग जैसे कैंसर रोग, गठिया, वात रोग, स्त्री रोग, दमा रोग, (जन्मजात रोग (पोलियो, विकलांग) ,उदर रोग (कब्ज, मोटापा) मधुमेह (शुगर),मानसिक रोग , लकवा (पैरालिसिस),पथरी रोग, उच्च रक्तचाप, माइग्रेन, सिरदर्द, अनिद्रा, त्वचा रोग, शिशु रोग, साइटिका, स्लिप डिस्क, नसों से संबंधित विकार इत्यादि असाध्य रोगो का चिकित्सा किया जा रहा है। साथ ही लोगों को प्राकृतिक चिकित्सा पंचकर्म, षट्कर्म चिकित्सा, आहार परामर्श, चिकित्सा फिजियोथेरेपी, कायरों प्रेक्टिस, न्यूरोथैरेपी, ए क यू पं क च र , एक्यूप्रेशर, सुजोक योग, जीवन शैली परामर्श सुविधाएं प्रदान की जा रही है।

डॉ उमेश ने बताया कि संस्थान में शुगर एवं बीपी एवं नसों से संबंधित सभी बीमारियों के 1500 से अधिक मरीजों का सफल उपचार किया जा चुका है। यहां लाइफ स्टाइल को व्यवस्थित करने की भी जानकारी दी जा रही है।

हरिभूमि लाइव
बिलासपुर, मंगलवार 29 जुलाई 2025
Email id- haribhoomibsp@gmail.com
Whats App - 6263190692, 8305922255



**आयोजन**

## आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर दो दिवसीय कार्यशाला



**बिलासपुर।** आईसीएअई की शाखा की छात्र इकाई सिकासा द्वारा दो दिवसीय आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य छात्रों को तकनीक के क्षेत्र में आधुनिक जानकारी प्रदान करना एवं उनके प्रोफेशनल कौशल को सशक्त बनाना था। कार्यशाला के पहले दिन, दिल्ली से पधारे विशेषज्ञ सीए इवप्रीत सिंह नंदा एवं सीए इंद्रजीत कौर बमराह और सीए हरप्रीत कौर होरा द्वारा एआई के सिद्धांतों, संभावनाओं एवं वास्तविक जीवन में उपयोग पर विस्तृत मार्गदर्शन दिया गया। दूसरे दिन, सत्रों का संचालन के सीए कपिल सचदेव और भिलाई से आए सीए चिन्मय सोलंकी द्वारा किया गया। इन सत्रों में छात्रों को एआई के व्यावहारिक उपयोग, डेटा विश्लेषण, और भविष्य के रुझानों से अवगत कराया गया। कार्यक्रम में सिकासा की चेयरपर्सन सीए मिली डे मैम की गरिमामयी उपस्थिति रही। उन्होंने छात्रों को तकनीक के साथ तालमेल बनाए रखने और ऐसे शैक्षणिक आयोजनों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। सिकासा का यह प्रयास विद्यार्थियों के लिए अत्यंत ज्ञानवर्धक, प्रेरणादायक और भविष्य उन्मुख सिद्ध हुआ।

**जागरूकता**

## संतुलित आहार, पोषण एवं स्वस्थ जीवनशैली का बताया महत्व



**बिलासपुर।** शासकीय माता शबरी नवीन गर्ल्स पी.जी. महाविद्यालय, गृहविज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वावधान में स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में अपोलो हॉस्पिटल की चीफ डाइटिशियन चम्पा ने छात्राओं को संतुलित आहार, पोषण एवं स्वस्थ जीवनशैली के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा "भोजन ही औषधि है। संतुलित और पौष्टिक आहार अपनाकर हम अनेक बीमारियों से बच सकते हैं।"प्राचार्य डॉ. के. के. भंडारी ने अपने उद्बोधन में कहा – स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन निवास करता है। भोजन को औषधि समझकर सही आहार लें, यही असली स्वास्थ्य है। कार्यक्रम का संचालन डॉ. दीपिका महोबिया ने किया। अंत में डॉ. शोभा महेश्वर ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर डॉ. सिन्हा, डॉ. दुबे, डॉ. आरती सिंह ठाकुर, डॉ. दीपक शुक्ला, डॉ. ललिता, डॉ यति नंदिनी डे तिर्की, डॉ. पटेल, वंदना और सुरेखा सहित महाविद्यालय की कई प्राध्यापिकाएँ उपस्थित थीं।

**प्रदर्शनी**

## दिव्यांग बच्चों की रचनात्मकता को मिली नई उड़ान



**बिलासपुर।** श्री स्पेशल केयर सेंटर द्वारा राखी प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी का शुभारंभ डॉक्टर श्वेता घाडगे की उपस्थिति में दीप प्रज्वलन एवं फीता काटकर किया गया, डॉ. श्वेता ने बच्चों की कलात्मक प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा,इन राखियों में सिर्फ धागा नहीं, बल्कि इन बच्चों का समर्पण, स्नेह और देश के प्रति प्रेम बसा है। इनकी यह पहल समाज को समावेशिता और समानता का संदेश देती है। संस्था की संस्थापिका डॉक्टर सुजाता बाजपेई ने बताया कि इस वर्ष दिव्यांग बच्चों द्वारा अपने हस्तशिल्प कौशल से जो सुंदर,अनोखी एवं देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत राखीयों को प्रदर्शित किया गया है जो उन्होंने ऑपरेशन सिपाही रक्षा सूत्र 2025 के अंतर्गत देश के वीर जवानों के लिए तैयार की है। संस्था की प्राचार्य शिवानी विठालकर ने बताया कि श्री स्पेशल केयर सेंटर निरंतर दिव्यांग बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए ऐसे रचनात्मक अवसर उपलब्ध कराता रहेगा।

**स्पोर्ट्स**

## बोच्ची चैंपियनशिप : समावेशी खेलों की दिशा में एक सशक्त कदम




**बिलासपुर।** स्पेशल ओलंपिक भारत एवं अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय बोच्ची चैंपियनशिप का भव्य शुभारंभ हुआ। यह चार दिवसीय आयोजन किया जा रहा है, जिसमें देश के 22 राज्यों से 250 एथलीट, 70 कोच,मैनेजर और 40 वॉलिंटियर्स भाग ले रहे हैं। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री व विधायक अमर अग्रवाल ने औपचारिक रूप से चैंपियनशिप का उद्घाटन किया। विशिष्ट अतिथियों में विजय अग्रवाल, दिनेश अग्रवाल,शैलेन्द्र दुबे, भुवन सिंह राज डॉ तरुण धर दीवान, डॉ. के. के. शर्मा, डॉ एच एस होता उपस्थित रहे। स्पेशल ओलंपिक भारत के बोर्ड सदस्य राजशेखर और भारतीय खेल प्राधिकरण के पर्यवेक्षक देवेंद्र की उपस्थिति ने आयोजन की गरिमा को और बढ़ाया। कार्यक्रम में कुलपति आचार्य अरुण दिवाकर नाथ बाजपेयी ने खेलों के माध्यम से जीवन मूल्यों और सीखने के अवसरों पर प्रकाश डाला। एसओबी के क्षेत्रीय निदेशक डॉ प्रमोद तिवारी एवं उपाध्यक्ष भूपेंद्र कुलदीप ने भी कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति से खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।विशेष अतिथि डॉ तरुण धर दीवान ने अपने उद्बोधन में कहा कि खेल हमें संघर्ष और चुनौतियों का सामना करना सिखाते हैं।

# ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाकर उसकी रक्षा करें

**पौधे ही पेड़ बनकर सभी की रक्षा करने के साथ आक्सीजन देने का काम करते हैं। इसलिए सभी को हरिभूमि के पौधरोपण अभियान में हिस्सा लेकर ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाना चाहिए, साथ ही उन पौधों की रक्षा भी करनी चाहिए।**

### हरिभूमि के हरियाली अभियान में शामिल हुए नगर निगम आयुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

ये बातें नगर निगम आयुक्त अमित कुमार ने सोमवार को बिलासा कन्या पीजी महाविद्यालय के पास हरिभूमि द्वारा हरियाली अभियान के तहत आयोजित पौधरोपण कार्यक्रम में कही। उन्होंने कहा कि शहर को हरा-भरा बनाने और पर्यावरण संरक्षण के लिए हरिभूमि का जो हरियाली अभियान चलाया जा रहा है, वह प्रशंसनीय है। इससे पहले भी हरिभूमि परिवार ने हरियाली लाने के लिए काफी स्थानों पर पौधे लगाए हैं, जो वर्तमान में पेड़ बनकर लोगों को आक्सीजन प्रदान करने का काम कर रहे हैं। हरिभूमि परिवार के पौधरोपण अभियान में ज्यादा से ज्यादा लोगों को भागीदारी करते हुए पौधा लगाने का पुनीत कार्य करते हुए उसकी रक्षा करना चाहिए, ताकि यही पौधे आने वाले दिनों में वृक्ष बनकर हमारी पीढ़ी की रक्षा कर आक्सीजज प्रदान करें। हरिभूमि परिवार के पौधरोपण अभियान के दौरान स्मार्ट सिटी के पीआरओ आदर्श दुबे, शासकीय बिलासा कन्या पीजी महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एसआर कमलेश, सीडीबीई के सचिव जयदीप राबिन्सन, बर्जेस मेमोरियल गर्ल्स हायर सेकेंडरी स्कूल के प्राचार्य डॉ. संगम शुक्ला, हरिभूमि के महाप्रबंधक प्रियंक सिंह परिहार, सहायक महाप्रबंधक अरूण ज्योतिषी, शेख असलम, प्रशांत सिंह, नवीन कुमार मिश्रा, भूपेन्द्र साहू सहित बड़ी संख्या में महाविद्यालय के प्राध्यापक और छात्राएं मौजूद थे।



**छोटे-छोटे पौधरोपण प्रकृति को सुंदर बनाएंगे**

सीडीबीई के सचिव जयदीप राबिन्सन ने कहा कि पर्यावरण सुरक्षित होगा तो हम सुरक्षित हो पाएंगे। वर्तमान परिदृश्य में जंगल को सरंक्षित करना बेहद जरूरी है। प्राकृतिक हवा हर कोई को स्वच्छ मिले इसके लिए यह पौधरोपण कारगर सिध्द होगा। जैसे बूंद-बूंद से घड़ा भरता है,उसी तरह यह छोटे-छोटे पौधरोपण प्रकृति को सुंदर बनाएंगे।

**ये हैं सहयोगी :** इस वर्ष भी बारिश शुरू होने के साथ ही हरिभूमि द्वारा पौधरोपण अभियान चल रहा है। हरिभूमि परिवार के पौधरोपण और हरियाली अभियान में सहयोगी डा. सीवी रमन यूनिवर्सिटी, फाउंडेशन क्रिकेट अकादमी, मार्क हास्पिटल, ब्रिलिएंट पब्लिक स्कूल, पंजाब नेशनल बैंक, क्रेडाई, आधारशिला बिल्डर्स प्रायवेट लिमिटेड, डीसीटी रियल स्टेट डेवलपर्स भी शामिल हैं।

### पर्यावरण की दिशा में महत्वपूर्ण प्रयास- आदर्श

नगर निगम स्मार्ट सिटी के पीआरओ आदर्श दुबे ने कहा कि हरिभूमि परिवार का जो पौधरोपण कार्यक्रम चलाया जा रहा है, वह शहर में हरियाली और स्वच्छता व पर्यावरण की दिशा में महत्वपूर्ण प्रयास है। हरिभूमि परिवार इस कार्य में शुरु से अग्रसर है। लिंक रोड में पहले भी हरिभूमि की टीम ने पौधरोपण किया है और अब जो स्थान छूट गए हैं, वहां पौधरोपण किया जा रहा है। इस मुहिम में शामिल होने का अवसर हमें भी प्राप्त हुआ है। इस पुनीत कार्य के लिए हरिभूमि परिवार को वे शुभकामनाएं देते हैं।

### पौधरोपण कार्य प्रशंसनीय - कमलेश

शासकीय बिलासा कन्या पीजी महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एसआर कमलेश ने कहा कि हरिभूमि परिवार के पौधरोपण अभियान में नगर निगम भी शामिल हुआ है। यह एक अच्छा और पुनीत कार्य है, जिसमें हमारे कालेज की ओर से भी भागीदारी की जा रही है। महाविद्यालय के सामने सड़क किनारे पौधरोपण कार्य करने से कालेज की सुंदरता भी बढ़ जाएगी। हरिभूमि का हरियाली अभियान के एक प्रशंसनीय कार्य है। हमारी ओर से भी दीवार के किनारे अशोक के पौधे लगाए गए हैं, जिसके सामने पौधरोपण करने से इसकी सुंदरता और बढ़ गई है।

### सभी को करनी चाहिए इस कार्य में सहभागिता - शुक्ला

बर्जेस मेमोरियल गर्ल्स हायर सेकेंडरी स्कूल के प्राचार्य डॉ. संगम शुक्ला ने कहा कि धरती हम सभी की माता है। इसकी रक्षा करना सभी का कर्तव्य है। धरती को हरा भरा करने के लिए हरिभूमि परिवार ने जो पौधरोपण का अभियान शुरु किया है, वह एक पुनीत कार्य है। इस कार्य के तहत जीडीसी कॉलेज के सामने पौधरोपण किया गया है। सभी को इस कार्य में अपनी सहभागिता निभानी चाहिए। लोग इस पुनीत कार्य में शामिल होकर पौधा लगाएं और उसकी रक्षा करें। इसका फायदा भविष्य में सभी को मिल सकेगा।

### मानव समाज के लिए हितकर है पौधरोपण कार्य - धृतलहरे

शासकीय बिलासा कन्या पीजी महाविद्यालय के हिंदी के सहायक प्राध्यापक डॉ. हेमंत पाल धृतलहरे ने कहा कि हरिभूमि परिवार का जो महाविद्यालय के सामने हरियाली अभियान के तहत पौधरोपण किया जा रहा है। यह हरिभूमि टीम की शहर को हरा-भरा करने के लिए एक बहुत ही अच्छी पहल है। इस यज्ञ में हम सबको शामिल होने का अवसर प्राप्त हुआ है। हरियाली अभियान के इस यज्ञ में हमें भी आहूति देने का मौका मिला है। यह कार्य शहर और मानव समाज के लिए काफी हितकर साबित होगा।

# बोल-बम के जयकारों के साथ शहर में निकली भव्य कांवड़ यात्रा



**जय वंदेमातरम संगठन द्वारा भव्य कावड़ यात्रा निकली गई**



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जय वंदेमातरम संगठन के प्रदेश अध्यक्ष राजू सलूजा व प्रदेश संयोजक राजेंद्र सिंह ने बताया कि जय वंदेमातरम संगठन व रुद्रानी सेना के द्वारा सावन के तीसरे सोमवार को भव्य कावड़ यात्रा निकली गई। जिसमें हजारों की संख्या मे शिव भक्त कावड़ियो छठ घाट से जल लेकर गुरुनानक चौक, जगमल चौक, दयालबंद, गांधी चौक, जूना बिलासपुर, सदर बाजार, देवकीनंदन चौक, राम सेतु , सुभाष चौक नूतन चौक होते हुये नंदीश्वर महादेव मंदिर में जलाभिषेक किया गया। जो भक्त बैजनाथ धाम नहीं जा पाते हैं उनके लिए संगठन द्वारा बिलासपुर मे ही कावड़ यात्रा का पुण्य प्राप्त कर सके । अरपा नदी के तट पर सुबह से ही शिव भक्त भगवा वस्त्रों में कावड़ लेकर पहुंचे कुछ कावड़ियों के पास आकर्षण कावड़ भी थी अरपा नदी से जल भरकर बैंड बाजा व आकर्षक झांकियों के साथ यह यात्रा प्रारंभ हुई। यात्रा का जगह जगह पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया, इस यात्रा को सफल बनाने मे संगठन के प्रदेश संयोजक राजेंद्र सिंह, प्रदेश अध्यक्ष राजू सलूजा, प्रदेश प्रभारी उपमा सिंह, तरुण सरोज, आकाश यादव, दुष्यंत सिंह, जवाहर बांधेकर, ओम प्रकाश पांडेय, रूपेश यादव, आकाश कच्छवाहा, मनीष श्रीवास्तव, सोहन गुप्ता, विकास गुप्ता, रूपेश चौबे, करन सारथी , रेखा ओम प्रकाश पांडे, अनामिका दुबे, डी विनीता राव, रेखा ओमप्रकाश पांडे प्रतिभा शर्मा, सरला शर्मा, मंजू वर्मा, कुंती साहू, भुवनेश्वरी साहू, राखी यादव शुभम त्रिवेदी, संगीता तिवारी, तेजस पांडे, सविता साहू, पार्वती साहू, तरुण लालपुर, जवाहर, राजकुमार अहिरवार, आवा पासी, मीणा बहुरासी, चंचल कुशवाहा, ओम प्रकाश शर्मा, थानेश्वर कौशिक, शिवमंगल, कश्यप रामकृष्ण, सोहन गुप्ता, धनंजय, कृष्ण श्रीवास, पंकज राय,बंटी कुमार व समस्त हिन्दू समाज का महत्वपूर्ण सहयोग रहा।

सावन के तीसरे सोमवार को भव्य कावंड़ यात्रा का आयोजन किया गया जो छट घाट से प्रारंभ होकर नूतन चौक नंदिस्वर मंदिर में शिव जी पर जल चढ़ा कर समापन हुआ इस बीच कांवड़ यात्रियों को संस्था आश्रयनिष्ठा वेलफेयर सोसायटी व स्वंय समाजसेवी आकृति शर्मा द्वारा कावड़ियों को फल सेवा देकर आशीर्वाद प्राप्त किया। इसमें उपस्थित अरुणिमा मिश्रा, आकृति शर्मा, गोविंद राय, हिमांशु कश्यप, अर्णव मिश्रा है।

### कावड़ियों को फल का वितरण





### शिव मंदिरों में भक्तों की उमड़ी भीड़

सावन के तीसरे सोमवार को शिव मंदिरों में श्रद्धालु भक्तों की भारी भीड़ रही। सभी लोग भगवान का जलाभिषेक कर बेलपत्र, आंक के फूल अर्पित किए। दुग्धाभिषेक का भी क्रम चलता रहा। शाम को भगवान शिव की आरती कर भजन गाए गए।

## नागपंचमी आजः पूजा से वंश वृद्धि, पितरों को शांति, कुंडलिनी शक्ति होती है जागृत

श्री पीताम्बरा पीठ त्रिदेव मंदिर में सावन महोत्सव श्रावण मास में महारुद्राभिषेकात्मक महायज्ञ नमक चमक विधि द्वारा निरंतर किया जा रहा हैं। त्रिदेव मंदिर में महारुद्राभिषेकात्मक महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा हैं। 9 अगस्त सावन शुक्ल पूर्णिमा तक निरंतर चलेगा। नित्य प्रतिदिन प्रातः 9 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक श्री शारदेश्वर पारदेश्वर महादेव का महारुद्राभिषेक नमक चमक विधि से किया जा रहा है। सावन मास का तृतीय सोमवार धूमधाम से मनाया गया, साथ ही मंगलवार को नाग पंचमी का पावन पर्व मनाया जाएगा।



पीतांबरा पीठाधीश्वर आचार्य डॉक्टर दिनेश महाराज ने कहा कि श्रावण मास के शुक्ल पक्ष की पंचमी को नाग पंचमी के रूप में मनाया जाता है,नाग पंचमी का वर्णन हिन्दू धर्म शास्त्रों में प्रमुखता से किया गया है भगवत पुराण, महाभारत, गरुड़ पुराण, तथा स्कंद पुराण में विशेष रूप से किया गया हैं। स्कंद पुराण के अनुसार नाग पंचमी के दिन नागों की पूजा करने से भय, रोग और अकाल मृत्यु से मुक्ति मिलती है, इस दिन विशेष रूप से शेषनाग, वासुकी, तक्षक, कर्कोटक, पद्म, महापद्म नागों की पूजा की जाती है। महाभारत ग्रंथ में नाग पंचमी से जुड़ी एक प्रमुख कथा है। इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद संगठन मंत्री नंददास दंडोतिया,उमेश अग्रवाल, संगीता अग्रवाल, तूलिका अग्रवाल, परमानंद पटेल, लोहरेश्वरी पटेल, गुणेन्द्र पटेल,नयन पटेल, ब्रह्मचारी मधुसूदन पांडेय, केसरी नंदन पांडेय, पं. चिरंजीवी पांडेय, पं.भुवनेश शर्मा,डॉ अंकिता पांडेय, अधिवक्ता अपराजिता पांडेय, लक्ष्मी देवी पांडेय, अमिता- दीपेश पाण्डेय, गौरी पांडेय आदि उपस्थित रहे।

## महिला अधिवक्ता संघ ने मनाया सावन





**रागिनी बनी सावन सुंदरी**

जिला अधिवक्ता संघ बिलासपुर की महिला अधिवक्ताओं ने एक निजी होटल में सावन सखी महोत्सव मनाया। इसमें महिला न्यायाधीश सहित महिला अधिवक्ताओं ने भाग लिया। इस दौरान सावन सुंदरी, मेहंदी, डांस, सिंगिंग प्रतियोगिता सहित खेलकूद आयोजित किए गए। जिसमें अधिवक्ताओं ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा दिखाई। साथ ही झूले का आनंद लिया। मुख्य अतिथि के रूप में महिला न्यायाधीश उपस्थित थीं। अध्यक्षता महिला उपाध्यक्ष ज्योति गुप्ता ने की। सावन सुंदरी का खिताब रागिनी देवांगन को दिया गया। नृत्य में विनीता सिंह, गीत में प्रतिज्ञा सिंह एवं मेहंदी में भावना चंद्रवंशी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में निरुपमा वाजपेई, भावना कश्यप, श्वेता शास्त्री, नूपुर पाल, संगीता मानिकपुरी का विशेष सहयोग रहा। इस मौके पर मोहनी गुप्ता, अमृता, कल्पना सिंह, मनीषा नंदी, कविता आर्या, किरण भोई, मीता प्रधान, रश्मि पांडेय, मिनल गेडाम, श्रद्धा राव, सुनीता ठाकुर, स्नेहा मंडल, फरीदा, गोमती गुप्ता सहित अन्य अधिवक्ता उपस्थित थीं।

### विप्र बहनों ने पेश किया भजन

विप्र फाउंडेशन महिला प्रकोष्ठ बिलासपुर व मारवाड़ी ब्राह्मण महिला विकास समिति ने सावन की सिंजारा व तीज महोत्सव आयोजित किया। इसमें सीता, शिवानी शर्मा ने गणेश वंदना पेश की। डॉली शर्मा, नेहा, सुनीता शर्मा सहित अन्य सदस्यों ने भजनों की प्रस्तुति दी। मनोरंजक गेम्स खेलकर झूले का आनंद लिया गया। विप्र फाउंडेशन बिलासपुर की जिलाध्यक्ष कोमल शर्मा ने बताया कि श्रावण मास के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि को सिंजारा कहते हैं। यह पर्व शादी शुदा स्त्रियों के लिए बहुत मायने रखता है।



### महिला समिति का सावन उत्सव



वसुंधरा नगर स्थित परिसर में महिला समिति द्वारा सावन उत्सव का कार्यक्रम आयोजन किया गया। जिस पर बच्चों ने और महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया गया। खेलों के साथ-साथ रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया, वह महिलाओं द्वारा संदेश दिया गया।

## खबर संक्षेप

### पार्षद अर्चना ने किया मितानिनों का सम्मान

**रतनपुर।** धार्मिक नगरी रतनपुर के श्री राधाकृष्ण मंदिर परिसर में मितानिन सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नगर पालिका परिषद वार्ड क्रमांक 6 की पार्षद अर्चना संतोष सोनी ने वार्ड क्रमांक 1-15 की सभी मितानिनों को श्रीफल, सुहाग सामग्री, फल इत्यादि देकर सम्मान किया। इस अवसर पर पार्षद वार्ड क्रमांक 5 मनोज पाटले, संतोष सोनी पार्षद प्रतिनिधि, रतनपुर के सभी वार्ड की मितानिन उपस्थित रहीं।



### सशिमं में पुस्तक वितरण समारोह पालक समिति की बैठक



**सेमरताल।** सरस्वती शिशु मंदिर में पुस्तक वितरण समारोह एवं पालक समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य अतिथि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सेमरताल के प्राचार्य अनिल वर्मा, विशिष्ट अतिथि जलसों के उपसरपंच विकास कुमार वर्मा, अमित राव, प्रबंध समिति से योगेन्द्र कुमार धीवर एवं दुष्यंत वैष्णव मौजूद रहे।

### गर्ल्स स्कूल में शाला संसद के पदाधिकारियों का चुनाव




**तखतपुर।** शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में शाला संसद के पदाधिकारी का चुनाव मतदान के माध्यम से किया गया। प्रभारी प्राचार्य जितेंद्र शुक्ला ने बताया कि विद्यालयिन छात्र-छात्राओं को निर्वाचन के विभिन्न प्रक्रियाओं में समझ विकसित करने के उद्देश्य से निर्वाचन से संबंधित सभी बिंदुओ को व्यावहारिक रूप से कराया गया। निर्वाचन में शाला नायिका प्रिया ठाकुर, शाला उपनायिका स्वेता अंनत, अनुशासन सचिव पायल रजक, सहसचिव मुस्कान गंधर्व, क्रीड़ा सचिव सिद्धि कश्यप,सह सचिव कविता जायसवाल, सांस्कृतिक सचिव प्रीति लहरें, सह सचिव सोमी बंजारे, उद्यान सचिव जूली टांडे, सह सचिव नंदिनी कैवर्त, स्वच्छता सचिव यासमीन लहरें, सह सचिव मधु यादव, विज्ञान सचिव किरण कुर्रे, सह सचिव प्रियांशी साहू, भूगोल सचिव हिमानी कश्यप एवं भूगोल सह सचिव प्रार्थना महोबिया निर्वाचित हुए। निर्वाचन के विभिन्न प्रक्रिया को संपन्न करने के लिए अलग-अलग जवाबदारी दी गई थी। जिसमें सहायक निर्वाचन अधिकारी बी आर सूर्यवंशी, एवं आमोद एक्का,नोडल अधिकारी रश्मि मिश्रा, पीठासीन अधिकारी मिनाज खान, गणनाधिकारी कामिनी गुप्ता, गणना सहायक मीनाक्षी शर्मा, स्वीटी सिंह, माहेश्वरी सिंह,दिव्या मिश्रा, अंकित विश्वकर्मा एवं पारुल यादव पर्यवेक्षक जे डी कुजूर, गिरधारी वैष्णव, मयंक यादव,पुष्पेंद्र दुबे,संदीप ध्रुव थे।

### आबकारी आरक्षक परीक्षा में शामिल हुए 3 हजार 681 परीक्षार्थी

**मुंगेली।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल (व्यापम) रायपुर की ओर से आबकारी आरक्षक के पदों पर भर्ती के लिए जिले में 12 केन्द्रों में परीक्षा आयोजित की गई। परीक्षा में कुल 4 हजार 343 परीक्षार्थी को शामिल होना था, जिसमें से 3 हजार 681 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दिलाई एवं 662 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। आबकारी आरक्षक के पदों पर भर्ती के लिए परीक्षा के सफल आयोजन के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए थे। साथ ही अभ्यर्थियों को व्यापम द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करने की समझाईश दी गई थी। इस बार की परीक्षा में नकल रोकने के लिये किए गए उपायों ने परीक्षार्थियों को परेशान किया। परीक्षा केन्द्रों में एक घंटा पूर्व उपस्थिति दर्ज कराने के साथ-साथ परीक्षा केन्द्र में प्रवेश के पूर्व सभी परीक्षार्थियों की हैंड हेल्ड मेटल डिटेक्टर से जांच के साथ ही हाथों से तलाशी ली गई। परीक्षा प्रारंभ होने के 30 मिनट पहले केंद्र के मुख्य द्वार बंद कर दिए गए। परीक्षा के दौरान हल्के रंग के आधी बांह के कपड़े और चप्पल पहनना अनिवार्य रहा। कान में किसी भी प्रकार का आभूषण पहनकर परीक्षा केन्द्र में प्रवेश वर्जित था।

## संगठन सृजन अभियान के तहत कोटा में हुई बैठक

# संगठन की मजबूती ही पार्टी की असली ताकतः अटल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करगीरोड कोटा

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार चल रहे संगठन सृजन अभियान के अंतर्गत ब्लॉक कांग्रेस कोटा की आवश्यक बैठक रेस्ट हाउस में हुई।

बैठक में कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव एवं प्रदेश कांग्रेस की ओर से ब्लॉक कांग्रेस प्रभारी प्रमोद नायक उपस्थित हुए। बैठक में संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने, बूथ स्तरीय गतिविधियों को तेज करने और आगामी रणनीति को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। विधायक अटल श्रीवास्तव ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि संगठन की मजबूती ही पार्टी की असली ताकत होती है और कांग्रेस का हर सच्चा कार्यकर्ता इस अभियान में भागीदारी सुनिश्चित कर रहा है। ब्लॉक प्रभारी प्रमोद नायक ने कहा कि प्रदेश कांग्रेस के नए दिशा-निर्देश के तहत अब 'ज़ोन' को 'मंडल' में परिवर्तित किया जा रहा है। यह केवल नाम परिवर्तन नहीं बल्कि संगठन की जड़ों में नई चेतना भरने का प्रयास है। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष आदित्य दीक्षित ने कहा कि जब बूथ, सेक्टर और मंडल स्तर के कार्यकर्ता मजबूत होंगे, तभी कांग्रेस प्रदेश में मजबूती से खड़ी हो सकेगी। बैठक में कोटा ब्लॉक के समस्त बूथ, सेक्टर, जोन अध्यक्ष, कांग्रेस संगठन के पदाधिकारी, युवक कांग्रेस, एनएसयूआई, महिला कांग्रेस, सेवा दल, किसान कांग्रेस, आदिवासी कांग्रेस सहित कांग्रेस से जुड़े सभी मोर्चा एवं प्रकोष्ठों के पदाधिकारी उपस्थित रहे। साथ ही क्षेत्र के निर्वाचित जनप्रतिनिधि, जिला पंचायत सदस्य, जनपद पंचायत सदस्य, सरपंच, पार्षद शामिल हुए।


बैठक में शामिल कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव।



## सीएम के भ्रमण के बाद बिजराकछार में आवेदन निराकरण विशेष शिविर

**लोरमी।** सुदूर वनाचंल ग्राम बिजराकछार में जिला स्तरीय शिविर में कलेक्टर कुन्दन कुमार एवं जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पाण्डेय ने शिविर स्थल का निरीक्षण कर ग्रामीणों से संवाद किया और योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली। मुख्यमंत्री श्री साय ने 19 मई को ग्राम बिजराकछार में आयोजित शिविर में शामिल होकर आमजनों से रूबरू होकर उनकी समस्याएं सुनी थी।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशानुरूप जिले में जनसमस्याओं के निराकरण के लिए सुशासन तिहार अंतर्गत 8 अप्रैल से 31 मई तक तीन चरणों में समाधान शिविर का आयोजन किया गया था। कलेक्टर ने बिजराकछार के ग्रामीणों को सौर सुजला योजना, सोलर होम लाइट और सोलर पम्प की सुविधाएं प्रदान करने के लिए क्रेड़ा विभाग को निर्देश दिए। साथ ही विद्युत विभाग को खुले तारों को दुरुस्त कर सुरक्षित विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देशित किया। उन्होंने ग्रामीणों की मांग पर बिजराकछार में बैटरी स्थापना कार्य में अनावश्यक विलंब पर एसडीएम एवं जनपद सीईओ पर नाराजगी जाहिर की। उन्होंने जनपद सीईओ को नोटिस जारी कर हटाने निर्देशित किया और बिजराकछार में निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने तत्काल बैटरी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

### केंद्रीय छात्रवृत्ति योजना संबंध में अधिसूचना जारी

**कोरबा।** भारतीय वृक्षारोपण प्रबंधन संस्थान बेंगलुरु में कृषि-निर्यात और प्रसंस्कृत खाद्य क्षेत्र में 2 वर्ष के एआईसीटीई अनुमोदित स्नातकोत्तर कार्यक्रम अंतर्गत पीजीडीएम इन एग्रीबिजनेस एंड प्लांटेशन मैनेजमेंट, फूड प्रोसेसिंग एंड बिजनेस मैनेजमेंट एवं एग्रीकल्चर एक्सपोर्ट एंड बिजनेस मैनेजमेंट कोर्स प्रदान करता है।

## निधन

### मीना मिश्रा

**बिलासपुर।** एकता विहार उसलापुर निवासी श्रीमती मीना मिश्रा का रविवार को निधन हो गया। वे 65 वर्ष की थीं। उनका अंतिम संस्कार 27 जुलाई को को किया गया। वो सोमेश मिश्रा, नेहा मिश्रा एवं प्रीति तिवारी की मां थीं।



### श्रीमती बसंती देवी

**बिलासपुर।** सीपत के प्रतिष्ठित नागरिक स्व. समयलाल गुप्ता की पत्नी श्रीमती बसंती देवी गुप्ता का सोमवार को 84 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। वे नंदकिशोर गुप्ता, नीलमकिशोर गुप्ता व ब्रजकिशोर गुप्ता की माता थीं। उनका अंतिम संस्कार मंगलवार की दोपहर 1 बजे स्थानीय मुक्तिधाम में किया जाएगा।



### राम सनेही पांडेय

**रतनपुर।** सेवानिवृत व्याख्याता राम सनेही पांडेय (कोनार वाले) का निधन हो गया है। वे विनय पांडेय और संजय पांडेय के पिता थे। उनका अंतिम संस्कार बिकमा तालाब मुक्तिधाम में किया गया। वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए।



### रितेश यादव

**तखतपुर।** ग्राम देवरी करही निवासी रितेश यादव 21 वर्ष का 26 जुलाई को निधन हो गया। वे विजय यादव के पुत्र थे। इनका अंतिम संस्कार गृहग्राम देवरी करही में किया गया।



### मोहम्मद रफीक

**बिलासपुर।** चुचहियापारा निवासी सेवानिवृत्त रेलकर्मी मो. रफीक का 84 वर्ष की आयु में सोमवार को निधन हो गया। इनका जनाज़ा चुचहियापारा स्थित निवास से मंगलवार को 10 बजे कासीमपारा कब्रिस्तान के लिए निकाला जाएगा। जहां उन्हे सुपुर्दे खाक किया जाएगा। वे शिक्षिका कनीज़ फातिमा के पिता थे।





## नगपुरा मुख्यमार्ग पर पुल के उपर बह रहा गोकने नाला का पानी

**बिल्हा।** बिल्हा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम नगपुरा के मुख्यमार्ग में गोकने नाला पर बने पुल जो धमनी, कड़ार, सेंवार कया, बुंदेला होते हुए बलौदाबाजार जिले को सिरगिट्टी बिलासपुर से जोड़ता है के उपर पानी का बहाव तेज व ऊपरी सतह तक चलने के कारण पुल पुरी तरह से डूब चुका है। शासन - प्रशासन की अधिकारियों की उदासीन रवैया के कारण जान जोखिम में डालकर लोग आवगमन कर रहे हैं। स्कूली बच्चे हफ्तों से स्कूल नहीं गए। ग्रामवासियो से पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजेन्द्र शुक्ला ने भेंट कर आज मौके का मुआयना कर बाढ़ पीड़ितों को राहत दिलाने हेतु इस मार्ग पर गोकने नाला के ऊपर बड़ी पुल निर्माण हेतु पीडब्ल्यूडी अधिकारियों को लागत दर (बजट) बनाकर शासन तक पंहुचाने हेतु चर्चा की, जिससे आने वाले समय मे यह व्यवस्था सुधर सके व आमजन को कठिनाई भरे रास्ते से गुजरने हेतु राहत मिले।

### जिला स्तरीय शतरंज स्पर्धा में 42 खिलाड़ी हुए शामिल

**मुंगेली।** जिला शतरंज संघ के तत्वावधान में एक दिवसीय जिला स्तरीय जूनियर बालक एवं बालिका वर्ग की प्रतियोगिता का आयोजन 27 जुलाई रविवार को आगर हाई स्कूल में आयोजित किया गया। इस स्पर्धा में जिले से कुल 42 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। बालिका वर्ग में प्रथम स्थान जिज्ञासा बंजारे 5 अंक, दूसरा स्थान संजीवनी कुर्रे 4.5 अंक, तीसरा स्थान चंद्रप्रभा साहू 4 अंक, चौथा स्थान सृष्टि गुप्ता 3.5 अंक रही। बालक वर्ग में प्रथम स्थान अमृतेश उपाध्याय 5.5 अंक, द्वितीय स्थान अंशुल शर्मा 5.5 अंक, तृतीय स्थान-राजेश पाटले 5 अंक, चौथा स्थान अमन कुमार मिरी 4.5 अंक रहे। स्पर्धा में सभी विजेताओं को ट्रॉफी एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया एवं सभी खिलाड़ियों को मेडल एवं प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। स्पर्धा में चयनित प्रतिभागी 20 से 22 अगस्त को कोरबा में होने वाली राज्य स्तरीय जूनियर बालक-बालिका फिडे रेटेड शतरंज स्पर्धा में मुंगेली जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। प्रतियोगिता का मन संचालन अरविंद पांडे ने किया। प्रतियोगिता के सफल आयोजन पर संघ के वरिष्ठ सदस्य युगल किशोर राजपूत, सूर्यकान्त शर्मा, कामता सिंह कुर्रे, मुकेश सिंह ने शुभकामनायें प्रदान की है। प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष रोहित शुक्ला, अध्यक्षता प्रयास अ स्मॉल स्टेप फाउंडेशन अध्यक्ष रामकिंकर सिंह परिहार, विशिष्ट अतिथि जेसीस पब्लिक हायर सेकंडरी स्कूल प्राचार्य सुनील पांडेय, जिला शतरंज संघ अध्यक्ष सुबोध कुमार सिंह, चेयरमेन जिला शतरंज संघ विजय वर्मा, जिला शतरंज संघ उपाध्यक्ष आशीष मिश्रा मुख्य रूप से उपस्थित रहे।



## श्रेया ने जीता गोल्ड, खिलाड़ियों ने किया नेशनल के लिए क्वालिफाई

**सीपत।** शिलांग मेघालय में 23 से 26 जुलाई तक आयोजित सीबीएसई ईस्ट जोन इंटर स्कूल ताइक्वांडो चैंपियनशिप में संस्कृति क्लब एनटीपीसी सीपत के खिलाड़ियों ने जबरदस्त प्रदर्शन कर पदक पर कब्जा जमाया और नेशनल चैंपियनशिप के लिए क्वालिफाई किया।



कोच मास्टर प्रदीप यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि इस प्रतियोगिता में पश्चिम बंगाल, असम, उड़ीसा और छत्तीसगढ़ समेत करीब 800 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में संस्कृति क्लब से प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे खिलाड़ियों ने अपनी कड़ी मेहनत और शानदार खेल कौशल का परिचय दिया। श्रेया साहू ने अंडर-19 बालिका वर्ग 63 किग्रा में गोल्ड मेडल जीतकर पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया। तनीषा साहू ने 59 किग्रा वर्ग में कांस्य पदक जीता, वहीं गौतम निर्मलकर, अर्षिता ताम्रकार, परी शिद्दम और अनिशा साहू ने भी सराहनीय प्रदर्शन कर पदक अपने नाम किए। कोच प्रदीप यादव ने कहा कि खिलाड़ियों ने कठिन अभ्यास और अनुशासन के दम पर यह मुकाम हासिल किया है। हमें गर्व है कि हमारे खिलाड़ी अब नेशनल ताइक्वांडो प्रतियोगिता में भाग लेने जा रहे हैं।

सीबीएसई पदक प्राप्त खिलाड़ियों को बधाई देने वालों में सीपत ताइक्वांडो संघ, संस्कृति क्लब के महासचिव सुनील भोई, खेल सचिव आशीष गुप्ता, सिनेमा सचिव संतोष निर्मलकर, आरके ताम्रकार, उर्मिला साहू, तथा बाल भारती स्कूल की स्पोर्ट्स टीचर गुरमीत शामिल रहे।

सशक्त कार्यों और पारदर्शी नेतृत्व से प्रभावित

## सीटू को झटका, पूर्व महासचिव साथियों के साथ इंटक में हुए शामिल

**सीपत।** एनटीपीसी सीपत परिसर में इंटक यूनियन द्वारा श्रमिक हितों में लगातार किए जा रहे सशक्त कार्यों और पारदर्शी नेतृत्व से प्रभावित होकर सीटू के पूर्व महासचिव प्रताप खरे ने अपने 25 से अधिक साथियों के साथ इंटक यूनियन की सदस्यता ग्रहण कर ली। यह कदम सीटू के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है, वहीं इंटक की मजबूती को और अधिक बल मिला है।

प्रताप खरे के साथ बलदाऊ बर्मन, अश्वनी खरे, मुकेश सूर्यवंशी, शैलेन्द्र राय, काशी राम कांत, लक्ष्मी प्रसाद सूर्यवंशी, शिव कुमार बर्मन, विकास सावले, वीरेंद्र डोंगरे, श्याम सुंदर सोनी, दिनेश, जनक सिदार, रोशन भार्गव, सीताराम केवर्त, सनत केवर्त, सुनील खरे, सोलू, प्रियंका खरे, सूर्यप्रकाश, सुखसागर, खरेलखन लाल सूर्यवंशी, सुनील भूपेंद्र सहित अन्य साथियों ने इंटक की सदस्यता ली। इस अवसर पर एनबीसी एडिशनल सेंट्रल लीडर केपी चंद्रवंशी, इंटक यूनियन के अध्यक्ष सलीम वीरानी, महासचिव ललित पगारे, कार्यकारी अध्यक्ष सुरेश धृतलहरे, नवीन कुर्रे, संदीप वर्मा, विनोद श्रीवास, ऋषि तंबोली, अर्जुन, राधेश्याम सहित अनेक पदाधिकारी और सदस्य मौजूद रहे। इंटक अध्यक्ष सलीम वीरानी ने इस मौके पर कहा कि यह हम सबके लिए गर्व और विश्वास का क्षण है। इंटक की नीतियां हमेशा से मजदूरों की आवाज रही हैं। प्रताप खरे जैसे अनुभवी और श्रमिक हितैषी नेता का हमारे साथ आना इंटक की विचारधारा की जीत है। आने वाले दिनों में इंटक और भी मजबूती से श्रमिकों के लिए संघर्ष करेगा।



### आम सूचना

सर्व संबंधित को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा मौजा भरारी, प.ह.नं. 20, रा.नि.मं. गनियारी, तहसील सकरी, जिला बिलासपुर छ.ग. स्थित है, जिसका खसरा नं. 822/1 रकबा 0.3040 हेक्टेयर, खसरा नं. 822/3 रकबा 0.2960 हेक्टेयर कुल रकबा 0.6000 हेक्टेयर भूमि जो कि राजस्व अभिलेखों में सूर्या, उम्र 23 वर्ष पिता लक्ष्मी प्रसाद, चन्द्रेश कुमार, उम्र 20 वर्ष, पिता लक्ष्मी प्रसाद दोनो निवासी ग्राम भरारी, तहसील सकरी, जिला बिलासपुर छ.ग. के नाम पर राजस्व अभिलेखों में दर्ज है। उक्त भूमि को क्रय करने का पक्का सौदा मेरे पक्षकार द्वारा किया जाकर पंजीकृत इकरारनामा निष्पादित कर सौदे की रकम प्रदान की गई है। उक्त भूमि का पंजीयन बैनामा किया जाना मात्र शेष है। मेरे पक्षकार द्वारा स्वयं के पक्ष में पंजीयन बैनामा निष्पादित कराये जाने हेतु विधि द्वारा प्रदत्त अधिकार अंतर्गत संबंधित भूमि स्वामी के विरुद्ध न्यायालय के माध्यम से स्वयं या न्यायालय के द्वारा पंजीकृत बैनामा निष्पादित कराये जाने हेतु मामला प्रस्तुत किया जाना है।
अतः इस आमसूचना के माध्यम से सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार के पक्ष में निष्पादित इकरारनामा दिनांक 22.02.2024 के माध्यम से विक्रय की गई भूमि का क्रय-विक्रय किसी भी व्यक्ति, संस्था या अन्य के द्वारा न किया जावे अन्यथा उपरोक्त सौदे से किसी भी प्रकार का स्वत्व व आधिपत्य किसी भी अन्य व्यक्ति या संस्था को प्राप्त नहीं होगा एवं होने वाली समस्त न्यायालयीन (सिविल, दाण्डिक, प्रतिकर) संबंधी कार्यवाही के लिए क्रेता व विक्रेता स्वयमेव जिम्मेदार होंगे, जिसकी समस्त हर्जे खर्चे व नुकसानी की जिम्मेदारी आप स्वयं की होगी।
स्थान - बिलासपुर, दिनांक - 28/07/2025
भवदीय
जुगल किशोर पाण्डेय, अधिवक्ता
पताः बालाजी नर्सिंग होम के पास, गली नंबर 2 देवनन्दन नगर, फेस-1, बिलासपुर (छ.ग.)
मो. 9770750042, 9589673783

### आम सूचना

मैं अपने पक्षकार नरेन्द्र जी चौहान की ओर से अधिकृत होकर निम्नलिखित आम सूचना प्रकाशित करता हूँ कि मेरे पक्षकार नरेन्द्र जी चौहान पिता श्री गुणवंत सा. रायगढ़ (छ.ग.) के संयुक्त एवं अकेले नाम की भूमि ग्राम जयरामनगर, मनेशर, परसदा किसान, खुडुभांठा, भेलाई सभी तहसील- मस्तुरी जिला- बिलासपुर (छ.ग.) में स्थित है। जिसे विभिन्न व्यक्तियों द्वारा हमारे नाम से फर्जी दस्तावेज मुख्त्यारनामा इकरारनामा दिखाकर बयाना रजिस्ट्री करने का प्रयास कर रहे है। साथ ही मेरे स्थान पर फर्जी व्यक्ति को खड़ा कराकर उप पंजीयक कार्यालय बिल्हा जिला- बिलासपुर के दस्तावेज क्र./149/ दिनाँक 23/03/2023 के माध्यम से फर्जी मुख्त्यारनामा निष्पादित कराकर विभिन्न लोगों के नाम से रजिस्ट्री मेरे भाई कीर्तीकुमार को धोखे में रखकर करा लिए है। उनके विरुद्ध सक्षम न्यायालय में वाद लाया जा रहा है। उसके उपरांत जो कोई भी उक्त मुख्त्यारनामा के आधार पर खरीदी करेगा वह अवैध होगा। उसके विरुद्ध थाना एवं सक्षम न्यायालय में वाद रिपोर्ट किया जायेगा। नरेन्द्र जी चौहान के नाम की कोई भी भूमि का किसी भी व्यक्ति/संस्था द्वारा क्रय/ विक्रय नहीं करें। सो सूचना जानें।
दिनांक 25/07/2025
भवदीय
राजीव सिंह चंदेल (अधिवक्ता)
मो. 9109539008, 7898139349

### आम सूचना

मैं भरत अग्रवाल पिता स्व.श्री अशोक अग्रवाल उम्र 35 वर्ष, निवासी ग्राम मेनरोड करगीरोड कोटा, थाना व तह. कोटा, जिला बिलासपुर का हूँ, जो अपनी भूमि ग्राम रानीसागर, तह, कोटा, जिला बिलासपुर ख.न. कमशः 228/2, 228/3, 228/4, 228/5, 230/1, 230/11, 231/4, 234, कुल खसरा 08 कुल रकबा 3.9180 हे. तथा ख.न. 548/4, 586/1 कुल खसरा 02 रकबा 0.6640 है. भूमि को मेरे द्वारा सतीश सिंह ठाकुर पिता स्व. रामेश्वर सिंह ठाकुर उम्र 48 वर्ष निवासी ग्राम बहतराई रोड, प्रगति विहार एफ 5 बिलासपुर, तह, व जिला बिलासपुर के मध्य में विक्रयपत्र दिनांक 15.07.2025 को राशि 18,50,000/-रू. प्रति एकड़ तय हुआ, जिसमें बतौर बयाना 50,000/-नगद एवं केनरा बैंक राजकिशोर नगर बिलासपुर का खाता क. 5979101001224 का चेक क. 689304 राशि 9,50,000/- रू. का प्रदान किया गया, जिसमें मेरे द्वारा उक्त चेक को आहरण करने हेतु अपने खाते में सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया शाखा कोटा, खाता क. 3457328973 दिनांक 16.07. 2025 को जमा किया तो बैंक वालों के द्वारा इस टीप के साथ हस्ताक्षर मिलान नहीं होने से ॥ अनादृत हो गया, जिससे मेरा भरोसा टुट गया मैं आगे इस सौदे बढ़ाना नहीं चाहता, सौदा यहीं स्थगित करता हूँ, आपके द्वारा दिया गया राशि एवं 50,000/- रू. नगद एवं 9,50,000/- रू. का चेक मेरे पास सुरक्षित है, आप अपना राशि व चेक सूचना दिनांक से 15 दिवस के भीतर वापस ले जावें, एवं उसकी पावती मुझसे प्राप्त कर लेवें तथा साथ में बिकीनामा / इकरारनामा की लिखापढ़ी साथ में अवश्य लेकर आयें। सो सादर सूचना प्रेषित है।
दिनांकः 28.07.25
सूचनाकर्ता - भरत अग्रवाल
पिता स्व. श्री अशोक अग्रवाल
मो.न. 9893701000

### न्यायालय तहसीलदार लालपुर थाना जिला मुंगेली (छ.ग.)
**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र..........ब- 121/2025
क्रमांक /211/ वाचक/तह. /2025
लालपुर थाना दिनांक 25.07.2025

सर्वधारणा/आम जनता ग्राम सुरजपुरा को सूचित किया जाता है कि आवेदक केदारनाथ पति/ पिता श्री कृपाराम जाति सतनामी साकिन सुरजपुरा तहसील लालपुर थाना जिला-मुंगेली (छ.ग.) के द्वारा आवेदन पत्र पेश किया गया है कि आवेदक के पिता/ माता/ पुत्री/ पुत्र/ दादा/ दादी/ भाई/ बहन कृपाराम आ. श्री भकडूराम के मृत्यु दिनांक 17.7.2008 ग्राम सुरजपुरा को हो जाने के कारण जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने हेतु इस न्यायालय से आदेश हेतु आवेदन पत्र पेश किया गया है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी को भी किसी प्रकार का कोई दावा / आपत्ति हो तो न्यायालय में दिनांक 08.08.25 समय प्रातः 11:00 बजे दिन को स्वयं/ अपने प्राधिकृत के माध्यम से दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के पश्चात प्रस्तुत दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 25/07/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से जारी किया गया है।
तहसीलदार
लालपुर, थाना जिला मुंगेली (छ.ग.)

### न्यायालय तहसीलदार लालपुर थाना जिला मुंगेली (छ.ग.)
**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र..........ब- 121/2025
क्रमांक /215/ वाचक/तह. /2025
लालपुर थाना दिनांक 25.07.2025

सर्वधारणा/आम जनता ग्राम मोहतरा तेली को सूचित किया जाता है कि आवेदक फागूराम पति/ पिता श्री पुर्रू जाति तेली साकिन मोहतरा तेली तहसील लालपुर थाना जिला-मुंगेली (छ.ग.) के द्वारा आवेदन पत्र पेश किया गया है कि आवेदक के पिता/ माता/ पुत्री/ पुत्र/ दादा/ दादी/ भाई/ बहन भगवंतीन आ. श्री अनुजराम के मृत्यु दिनांक 10.10.1994 ग्राम मोहतरा तेली को हो जाने के कारण जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने हेतु इस न्यायालय से आदेश हेतु आवेदन पत्र पेश किया गया है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी को भी किसी प्रकार का कोई दावा / आपत्ति हो तो न्यायालय में दिनांक 11.08.25 समय प्रातः 11:00 बजे दिन को स्वयं/ अपने प्राधिकृत के माध्यम से दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के पश्चात प्रस्तुत दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 25/07/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से जारी किया गया है।
तहसीलदार
लालपुर, थाना जिला मुंगेली (छ.ग.)

### न्यायालय तहसीलदार लालपुर थाना जिला मुंगेली (छ.ग.)
**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र..........ब- 121/2025
क्रमांक /156/ वाचक/तह. /2025
लालपुर थाना दिनांक 25.07.2025

सर्वधारणा/आम जनता ग्राम मोहतरा तेली को सूचित किया जाता है कि आवेदक काजल पति/ पिता श्री खेलूराम जाति तेली साकिन मोहतरा तेली तहसील लालपुर थाना जिला-मुंगेली (छ.ग.) के द्वारा आवेदन पत्र पेश किया गया है कि आवेदक के पिता/ माता/ पुत्री/ पुत्र/ दादा/ दादी/ भाई/ बहन रूपा बाई आ. श्री खेलूराम के मृत्यु दिनांक 20.10.2014 ग्राम मोहतरा तेली को हो जाने के कारण जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने हेतु इस न्यायालय से आदेश हेतु आवेदन पत्र पेश किया गया है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी को भी किसी प्रकार का कोई दावा / आपत्ति हो तो न्यायालय में दिनांक 11.08.25 समय प्रातः 11:00 बजे दिन को स्वयं/ अपने प्राधिकृत के माध्यम से दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के पश्चात प्रस्तुत दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 25/07/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से जारी किया गया है।
तहसीलदार
लालपुर, थाना जिला मुंगेली (छ.ग.)

### न्यायालय तहसीलदार लालपुर थाना जिला मुंगेली (छ.ग.)
**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र..........ब- 121/2025
क्रमांक /158/ वाचक/तह. /2025
लालपुर थाना दिनांक 16.07.2025

सर्वधारणा/आम जनता ग्राम परसाकापा को सूचित किया जाता है कि आवेदक पुनीत नेताम पति/ पिता श्री बंजरिहा जाति गोड़ साकिन परसाकापा तहसील लालपुर थाना जिला-मुंगेली (छ.ग.) के द्वारा आवेदन पत्र पेश किया गया है कि आवेदक के पिता/ माता/ पुत्री/ पुत्र/ दादा/ दादी/ भाई/ बहन बंजरिहा आ. श्री सखाराम के मृत्यु दिनांक 10.5.2013 ग्राम परसाकापा को हो जाने के कारण जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने हेतु इस न्यायालय से आदेश हेतु आवेदन पत्र पेश किया गया है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी को भी किसी प्रकार का कोई दावा / आपत्ति हो तो न्यायालय में दिनांक 30.07.25 समय प्रातः 11:00 बजे दिन को स्वयं/ अपने प्राधिकृत के माध्यम से दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के पश्चात प्रस्तुत दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 16/07/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से जारी किया गया है।
तहसीलदार
लालपुर, थाना जिला मुंगेली (छ.ग.)

### न्यायालय तहसीलदार लालपुर थाना जिला मुंगेली (छ.ग.)
**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र..........ब- 121/2025
क्रमांक /217/ वाचक/तह. /2025
लालपुर थाना दिनांक 25.07.2025

सर्वधारणा/आम जनता ग्राम गैलूगांव को सूचित किया जाता है कि आवेदक सखाराम पति/ पिता श्री खेदवा जाति रावत साकिन गैलूगांव तहसील लालपुर थाना जिला-मुंगेली (छ.ग.) के द्वारा आवेदन पत्र पेश किया गया है कि आवेदक के पिता/ माता/ पुत्री/ पुत्र/ दादा/ दादी/ भाई/ बहन कलेसरी बाई आ. श्री खेदवा के मृत्यु दिनांक 06.04.2020 ग्राम गैलूगांव को हो जाने के कारण जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने हेतु इस न्यायालय से आदेश हेतु आवेदन पत्र पेश किया गया है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी को भी किसी प्रकार का कोई दावा / आपत्ति हो तो न्यायालय में दिनांक 11.08.25 समय प्रातः 11:00 बजे दिन को स्वयं/ अपने प्राधिकृत के माध्यम से दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के पश्चात प्रस्तुत दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 25/07/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से जारी किया गया है।
तहसीलदार
लालपुर, थाना जिला मुंगेली (छ.ग.)

### समक्ष सिविल नोटरी, श्रीमान सिविल जिला बिलासपुर (छ.ग.)
**(शपथ पत्र)**

मैं अजय कैवर्त्य उम्र 40 वर्ष पिता श्री गणेशराम कैवर्त्य जाति केंवट निवासी ग्राम सकरी शांति नगर तहसील -सकरी वार्ड क्र.01 जिला बिलासपुर छ.ग. आधार नंबर 860378663438 जो कि निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करता हूँः-
1. यह कि मेरा अजय कैवर्त्य उम्र 40 वर्ष पिता श्री गणेशराम कैवर्त्य जाति केंवट है। पूर्व में मुझे गेंदराम के नाम से जाना एवं पहचानता जाता था।
2. यह कि पूर्व में मेरा नाम गेंदराम पिता गणेशराम सभी दस्तावेजों पर दर्ज चला आ रहा था और मेरे बच्चों के दस्तावेजों पर गेंदराम दर्ज है, जबकि मैंने विगत 25 वर्षों से अपना नाम बदलकर अजय कैवर्त्य रख लिया है और वर्तमान के सभी दस्तावेजों पर मेरा नाम अजय कैवर्त्य दर्ज है। जिस पर किसी भी बैंक/संस्था/ वित्तीय व्यक्ति/ वारिसानों को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति नहीं है। भविष्य में मुझे अजय कैवर्त्य पिता गणेशराम के नाम से जाना एवं पहचाना जाये।
3. यह कि भविष्य में मेरे तथा मेरे बच्चों के सभी दस्तावेजों पर मेरा नाम अजय कैवर्त्य दर्ज किया जाये और शासन के रिकार्ड मिसल बंदोबस्त के आधार पर जाति/निवासी/ आमदनी/ आदि दस्तावेज तैयार कराये जाने पर भी मेरा नाम अजय कैवर्त्य दर्ज किया जाये।
4. यह कि यह शपथ पत्र अपने नाम के समर्थन में न्यायालयीन कार्यवाही हेतु निष्पादित कर रहा हूं।
अजय कैवर्त्य
शपथकर्ता

### न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) मुंगेली, जिला-मुंगेली (छ.ग.)
**::ईश्तहार::**

राजस्व प्रकरण क्रमांक..अ-2/2024-25
ग्राम-सिल्ली तहसील व जिला मुंगेली

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक जगदीश आ.सीताराम एवं 01 अन्य निवासी ग्राम सिल्ली तहसील व जिला मुंगेली (छ.ग.) द्वारा अपने स्वामित्व की ग्राम सिल्ली प.ह.नं. 26 स्थित भूमि ख.नं. 215/4 रकबा 0.3360 हे. में से रकबा 0.2025 हे. को औद्योगिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने संबंधी आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

इस संबंध में यदि किसी को कोई दावा/ आपत्ति पेश करना हो तो वे अपना दावा/आपत्ति पत्र स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 30.07.25 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

ईश्तहार आज दिनांक 16.07.25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।
अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
मुंगेली (छ.ग.)

### न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी लोरमी जिला मुंगेली (छ.ग.)
**// ईश्तहार//**

रा.प्र.क्र.. ...बी-121/2024-25
ग्राम-राम्हेपुर (लोरमी), प.ह.न. 28
तहसील लोरमी, जिला-मुंगेली (छ.ग.)

एतद् सर्व साधारण ग्राम राम्हेपुर (लोरमी) के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक पदरू गोड पिता नज़रु जाति गोड़ निवासी ग्राम राम्हेपुर (लोरमी) तहसील लोरमी, जिला मुंगेली (छ.ग.) द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि अपने माता प्यारी बाई के ग्राम राम्हेपुर में मृत्यु दिनांक 12.10. 2002 के संबंध में आवेदन पेश किया गया है।

अतः इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह दिनांक 11.08.25 तक अपना दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार या सुनवाई नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 21.07 25 को मेरे हस्ताक्षर एवं पद मुद्रा अंकित कर जारी किया गया।
कार्यपालक दण्डाधिकारी (लोरमी)
जिला, मुंगेली (छ.ग.)

## खबर संक्षेप

### 16 सूत्रीय मांगों को लेकर तहसीलदार हड़ताल पर




**जरहागांव।** संसाधनों की कमी को लेकर तहसीलदार, नायब तहसीलदार 3 दिवसीय हड़ताल पर हैं। जरहागांव तहसील में रीडर, कंप्यूटर आपरेटर, स्टेशनरी, प्रिंटर आदि जैसी सुविधा नहीं मिलने के कारण तहसीलदार अपनी व्यवस्था से काम चला रहे हैं। उनका कहना है कि तीन दिवस के अंदर मांगें पूरी नहीं होगी तो अनिश्चित कालीन हड़ताल की जाएगी। तहसीलदार के काम पर नहीं बैठने से अनेक कार्य रुका हुआ है। कई लोग सुबह से कार्यालय में बैठे रहे और हड़ताल की बात सुनकर मायूस होकर लौटे।

### परसवारा में नया गणवेश पाकर बच्चे हुए खुश



**लोरमी।** ग्राम परसवारा की प्राथमिक शाला के बच्चों को शासन द्वारा प्रदत्त नया गणवेश का वितरण किया गया जिसे पाकर बच्चे बहुत प्रसन्न हुए क्योंकि इस बार गणवेश बिलकुल बदला हुआ है। जनपद पंचायत के सभापति ने बच्चों को नियमित विद्यालय आने एवम साफ सफाई पर जोर देने हेतु प्रेरित किये सरपंच प्रतिनिधि सुमन खुसरो ने भी बच्चों को शिक्षकों की बात मानते हुए ईमानदारी पूर्वक शिक्षण पर जोर दिया। मुख्य अतिथि के रूप में जनपद पंचायत के सभापति आदित्य ध्रुव, सरपंच प्रतिनिधि सुमन खुसरो एवं आवाम रतिराम ,अनिल ध्रुव, तुलसी ध्रुव, रामसहाय ध्रुव, जितेंद्र ध्रुव, अनिता मरावी, संगीता तिवारी, मंजूबाला जायसवाल, सूरज तिवारी और अन्य ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### पौधरोपण कर दिया गया पर्यावरण संरक्षण का संदेश



**बिल्हा।** शासकीय अग्रसेन महाविद्यालय में 26 जुलाई को राष्ट्रीय सेवा योजना एवं यूथ रेड क्रॉस के संयुक्त तत्वावधान में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सावित्री त्रिपाठी ने की। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी प्रो. खगेश कुमार एवं यूथ रेड क्रॉस प्रभारी प्रो . संजय अग्रवाल सहित प्राध्यापक डॉ. डी. मिंज, डॉ. एम. आर. आगर, प्रो. आई.बी.एस. कंवर, प्रो. डी.एस. टण्डन, प्रो. महेन्द्र उके, प्रो. शुभा वर्मा, प्रो. सरिता बारा, डॉ. आर.पी. शर्मा, प्रो. करूणा गायकवाड़, डॉ. संजय भजनकर , प्रो. अल्का रात्रे, प्रो. चित्रांग्धा मरावी एवं कार्यालयीन स्टॉफ अजय कुंभज,शत्रुघ्न राजपूत,एस आर मरकाम एवं विद्यार्थी उपस्थित थे। सभी ने मिलकर महाविद्यालय परिसर में विभिन्न प्रजातियों के फलदार, छायादार एवं औषधीय पौधों का रोपण किया।

### नाली की सफाई कर कचरा उठाना भूला निगम अमला



**मोपका।** मेन रोड मोपका वार्ड 47 में नाली सफाई एक सप्ताह पूर्व की गई थी जिसका कचरा रोड पर रखा गया है लेकिन इसको अभी तक नहीं उठाया गया है। बारिश में वही कचरा पानी की धार में वापस नाली में गिर रहा है कचरा उठाने की ओर किसी का ध्यान नहीं गया है। लोग बदबू से परेशान होकर अपने घर के सामने की कचरा को स्वयं हटा रहे हैं। जब से नगर निगम हुआ है इनका उद्देश्य टैक्स वसूली करना है लेकिन आज तक वार्ड 47 से 48 में एक भी स्ट्रीट लाइट नहीं लगी है। लोग अंधेरे में अपना जीवन यापन कर रहे हैं। इसी तरह ना पेयजल की सुविधा है ना नाली सफाई की और ना ही लाइट की व्यवस्था मोहल्ले में भरी बरसात में लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। लोगों का कहना है कि समस्या का समाधान नहीं किया गया तो टैक्स नहीं पटाएंगे और उग्र आंदोलन करेंगे।

### दिया ग्रुप ने स्कूल के बच्चों को दी जीवन निर्माण की प्रेरणा



**सेमरताल।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सेमरताल में शुक्रवार को डिवाइन इंडिया यूथ एसोसिएशन दिया बिलासपुर मंडल की ओर से एक विशेष सामाजिक एवं प्रेरणात्मक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रांत दिया छत्तीसगढ़ कार्यकारिणी सदस्य सौरभ पाटनवार ने कहा कि एक अच्छा व्यक्तित्व ही सफलता की असली कुंजी है। दिया बिलासपुर जिला सह-संयोजक आदित्य पाटनवार ने नशा मुक्ति विषय पर विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि नशा न केवल शरीर को बल्कि मानसिक, सामाजिक और आर्थिक स्थिति को भी बर्बाद कर देता है।

---

**सावन का तीसरा सोमवार:** बोलबम के जयकारे लगाते कांवड़ियों ने किया नगर भ्रमण

# सोन नदी उद्गम कुंड से 500 कांवड़ियों ने निकाली यात्रा



**बिलासपुर।** तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह अशोक अग्रवाल अनिल खंडेलवाल, प्रवीण झा, रौशन सिंह सहित अन्य ने सोमवार को भोरमदेव में रुद्राभिषेक किया।



**पेंड्रा।** सोमवार को सोन नदी से निकाली गई कांवड़ यात्रा में शामिल श्रद्धालु।

हरिभूमि न्यूज ⏭ पेंड्रा

सावन के तीसरे सोमवार को 500 शिव भक्त सोन नदी उद्गम कुंड, सोनमुड़ा से 15 किमी पैदल चलकर मल्टी परपज स्कूल प्रांगण पेण्ड्रा के शिव मंदिर में भगवान शिव का जलाभिषेक किया। कांवड़ यात्रा में मरवाही विधायक प्रणव मरपच्ची भी शामिल रहे। पूरे रास्ते कांवड़िए बोलबम के जयकारे लगाते रहे।

विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष हर्ष छाबरिया के नेतृत्व में कांवड़ियों को रास्ते में जलपान और मंदिर में भंडारा प्रसाद कराया गया।

कांवड़ यात्रा ने पेण्ड्रा शहर का भ्रमण कर शहर के विभिन्न शिव मंदिरों में भगवान शिव का जलाभिषेक करने के बाद मल्टी परपज स्कूल प्रांगण में स्थित शिव मंदिर में जलाभिषेक करके कांवड़ यात्रा का समापन किया। शिव मंदिर में विश्व हिंदू परिषद ने कांवड़ियों एवं श्रद्धालुओं के लिए भंडारा प्रसाद का आयोजन भी किया था। कांवड़ यात्रा में प्रमुख रूप से स्वामी कृष्ण प्रपन्नाचार्य कामता महाराज, स्वामी महानंद, मरवाही विधायक प्रणव मरपच्ची, वीएचपी जिलाध्यक्ष हर्ष छाबरिया, उपाध्यक्ष सरोज पवार, मातृ शक्ति जिला संयोजक प्रिया त्रिवेदी, बजरंग दल जिला संयोजक सागर पटेल, प्रकाश साहू, रमेश बजाज, मनीष गुप्ता, अजय शुक्ला, नवल लहरे, वीरेंद्र पंजाबी, नवीन विश्वकर्मा, शैलेश जायसवाल, मुकेश जायसवाल, निखिल परिहार, आकांक्षा साहू, नवीन विश्वकर्मा, पायल वैष्णव, भूपेंद्र चौधरी, शुभम गुप्ता, संतोष साहू, अनुराग पांडे, विनय पांडे, आशीष पांडे, शिवम साहू, मीनू पांडे, संतोषी साहू, कंचन मिश्रा, कशिश साहू, देवांश तिवारी, रूपेश साहू इत्यादि सहयोगी थे।

### विप्रजन ने प्राचीन शिवालय में किया दुग्धाभिषेक

**रतनपुर।** छत्तीसगढ़ सरयू पारीण ब्राह्मण सभा द्वारा दुलहरा जलाशय स्थित प्राचीन शिवालय में दुग्धाभिषेक किया गया। इस आयोजन में रुद्राष्टाध्यायी विधि से वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भगवान शिव का दुग्धाभिषेक किया गया। इस पवित्र अनुष्ठान में यजमान के रूप में पंडित हर्ष शर्मा सपत्नीक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन आचार्य पंडित अश्वनी दुबे के मार्गदर्शन में विधिवत रूप से सम्पन्न हुआ। अभिषेक पश्चात महाआरती एवं प्रसाद वितरण कर समस्त श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। सरयू पारीण ब्राह्मण सभा द्वारा प्रत्येक वर्ष सावन मास में नगर के विभिन्न शिवालयों में धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया जाता है। इसी परंपरा की श्रृंखला में इस वर्ष दुलहर शिवालय में यह आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बलराम पांडे, राजेंद्र मिश्रा, रविंद्र दुबे, ओमप्रकाश दुबे, संतोष शर्मा, शेषदेव मिश्रा, डॉ. सुरेश चंद्र शर्मा, रमन शर्मा, विनय शर्मा, शिवानंद पांडे, मनोज दुबे, प्रमोद मिश्रा, मदन पांडे, श्रीमती लक्ष्मी पांडे, वंदनी मिश्रा, प्रीति शर्मा, रानी पांडे, अन्नपूर्णा शर्मा, शुभ्रा तिवारी, वंदना दुबे, शांत तिवारी, आरती दुबे, शोभा दुबे, सीमा शर्मा, अनुभव पांडे, प्राची दुबे, शांति पांडे, मंजू मिश्रा सहित बड़ी संख्या में ब्राह्मण समाज के सदस्य उपस्थित रहे।



### शिवालयों में गूंजे हर-हर महादेव के जयकारे



**मुंगेली।** सावन के तीसरे सोमवार को शहर सहित ग्रामीण अंचलों के शिव मंदिरों में शिव शंकर के जयकारे गूंजे। नगर के प्रसिद्ध मल्हापारा स्थित खेमगिर शंकर मंदिर, खर्राघाट स्थित गणेश्वर महादेव मंदिर, सोनार पारा स्थित शिव मंदिर, नवागांव रोड स्थित शिव मंदिर सहित विभिन्न जगहों के शिव मंदिरों में सुबह से शाम तक भक्त पहुंचकर पूजा अर्चना करते रहे। शंकर मंदिर में सावन झूला का विशेष आयोजन किया जा रहा है।

ग्राम सेतगंगा में श्रावण मास के तीसरे सोमवार को अद्वितीय, पुरातात्विक, पौराणिक, मनोरम ऐतिहासिक एवं 11वी शताब्दी प्राचीन श्रीराम जानकी मंदिर के समीप शिवालय में भक्त सुबह से देर शाम तक पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया। सोमवार को श्रद्धा और भक्ति भाव से पूजा अर्चना करने दूर-दूर से श्रद्धालु बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं। श्रावण मास के अवसर पर ग्रामीण क्षेत्र के शिवालयों में शिव भक्त पूजा अर्चना करने बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं। वहीं परिसर पर भजन कीर्तन एवं बोल बम, हर हर महादेव के नारा से गूंजते रहे। भक्तों ने पवित्र सरोवर से जल लाकर जलाभिषेक करके पूजा पाठ की। मंदिर में प्रसाद भी वितरण किया गया। किसी भक्त ने बेल पत्र, धतूरा, भांग, कनेर का फूल फल, अर्पित कर भगवान शिव जी को मना रहे हैं तो कोई दूध और गंगा जल का अभिषेक करने में लीन है। मंदिर परिसर में जलाभिषेक, रुद्राभिषेक, महामृत्युंजय जाप, सत्यनारायण कथा कर सुख शांति और वैभव की कामना को लेकर भक्त जन विधि विधान से पूजा अर्चना कर रहे हैं।

### शिवभक्तों ने सागर से भुलकहा तक निकाली कावड़ यात्रा



**सकरी।** बजरंग दल एवं विश्व हिंदू परिषद के संयुक्त तत्वावधान में ग्राम सागर से भुलकहा तक कावड़ यात्रा का आयोजन किया गया जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालु जल लेकर पदयात्रा करते हुए महादेव के द्वार पहुंचकर जल अर्पित किया। ग्राम सागर स्थित सागर मईया से भक्तजन सुबह 7 बजे अपने कावड़ में जल भरकर निकले जिला पंचायत सभापति अंबिका साहू एवं जनपद उपाध्यक्ष राकेश तिवारी कावड़ियों के साथ स्वयं पदयात्रा में निकले। 2500 कावड़िए भगवान शिव के गगन भेदी जयकारे के साथ कुरेली, खजुरी, सकर्रा, बूटेना, मुरू,मेढ़पार होते हुए भुलकहा पहुंचकर शिव जी का जलाभिषेक किए। पूर्व जिला पंचायत सदस्य संतोष कौशिक गुरुजी ने कहा कि भगवान शिव के परिवार से हमें बहुत कुछ सीखने को मिलता है। हमें लोभ, मोह, क्रोध सहित अपने अवगुणों को भगवान को अर्पण कर इससे मुक्ति पाने की आवश्यकता है। इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष घनश्याम कौशिक, सभापति अंबिका साहू, पूर्व उपाध्यक्ष जिला सहकारी बैंक राजेश तंबोली, जनपद उपाध्यक्ष राकेश तिवारी ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर सरपंच गण श्यामता कौशिक, मनीष कौशिक, विनोद दास मानिकपुरी, अविनाश वर्मा, बलराम बिंझवार, परमेश्वर साहू, अलख निर्मलकर, जनपद सदस्य दिलीप ध्रुव, कविता महेश यादव, दिनेश शर्मा, नरेश अग्रवालडॉ. प्रवीण तिवारी, आनंद अवस्थी, भागीरथी श्रीवास, सुरेश यादव, दिनेश जायसवाल, हिमांशु शर्मा, विशु साहू, लक्ष्मी केवट,अर्जुन केवट, अनिल यादव, लाला साहू, सतीश सोनकर, जितेन्द्र सूर्यवंशी, राहुल श्रीवास ,शानू दुबे सहित बड़ी संख्या में भक्तजन उपस्थित थे।

### सिद्धबाबा आश्रम में स्वामी शिवानंद ने किया रुद्राभिषेक



**लोरमी।** ग्राम बिचारपुर के सिद्धबाबा आश्रम में सनातन धर्म का ध्वज पताका निरंतर फहराते हुए स्वामी शिवानंद महाराज के सानिध्य में छठवें वर्ष रुद्राभिषेक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर स्वामी शिवानंद महाराज ने कहा कि भोलेनाथ सबसे सरल उपासना से भी प्रसन्न होते हैं, लेकिन रुद्राभिषेक उन्हें सबसे ज्यादा प्रिय है। बिचारपुर में उनके आगमन पर ग्रामवासियो एवं सेवा समिति के सदस्यों ने उनका स्वागत श्री हरी संकीर्तन एवं सनातन धर्म की जयघोष के साथ किया गया। ज्ञात हो कि श्री सिद्ध बाबा आश्रम बिचारपुर पहाड़ी के ऊपर स्थित है, जो कि आसपास के क्षेत्र में आस्था का केंद्र बना हुआ है। श्री सिद्ध बाबा आश्रम बिचारपुर पूज्य स्वामी श्रीश्री 1008 स्वामी सदानंद महाराज जी की तपो स्थली रही है, जहां पूज्य स्वामी जी प्रतिवर्ष आते थे। इस अवसर पूज्य स्वामी जी को श्रद्धालुओं ने छप्पन भोग अर्पित कर विशाल भंडारे का आयोजन किया, जिसमें सैकड़ो की संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर मुंगेली, लोरमी, खम्ही कोटा, बिलासपुर, रतनपुर, कोरबा, रायपुर, पंडरिया, कवर्धा के श्रद्धालु बड़ी संख्या में रुद्राभिषेक कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

### भगवान भोलेनाथ के दरबार में रुद्राभिषेक



**मल्हार।** सावन माह के तीसरे सोमवार को पातालेश्वर कल्प केदारनाथ एवं जगत जननी मां डिड़िनेश्वरी के दरबार में श्रद्धालुओं ने विविध प्रकार से पूजा अर्चना कर श्रीफल, पुष्प पत्र, फल एवं मिठाई का भोग लगाया। युवतियों एवं महिलाओं ने सोमवार का व्रत रखा, वही सेवकों ने मंदिर प्रांगण में हलवा, लड्डू, चना, खीर-पूरी वितरण कर भोलेनाथ की सेवा की। सावन महीने में पातालेश्वर महादेव का पूजन कर लोग मां डिड़िनेश्वरी आकर मत्था टेक आशीर्वाद लेते हैं। यहां स्थापित शिवलिंग में मस्तूरी एसडीओपी लालचंद मोहले ने सपरिवार विधि-विधान के साथ रुद्राभिषेक कराया, जिसके आचार्य थे पं. नरेश कुमार पांडे। इस अवसर पर मस्तूरी टीआई हरिश्चंद तांडेकर, उपनिरीक्षक सुजान जगत, मल्हार चौकी प्रभारी ओंकारधर दीवान, पचपेड़ी थाना प्रभारी श्रवण टंडन, ओम प्रकाश पांडे, संजीव पांडे, शेषनारायण गुप्ता, राजेश पांडे, दिनेश पांडे एवं राजा महिलांगे, हीरालाल गंधर्व विशेष रूप से उपस्थित थे। गायत्री शर्मा के निर्देशन में राम जानकी महिला मंडली द्वारा पूरे सावन माह में रामचरितमानस गायन शाम 4 से 7 बजे तक किया जा रहा है, तीसरे सोमवार का गायन छाया शर्मा के निवास में हुआ जिसमें कमला चौबे, रितु चौबे, रानू पांडे, निधि पांडे, ममता शर्मा, गोदावरी सिंह ठाकुर, मीनू मिश्रा, अनीता गुप्ता, सुनीता शर्मा की अहम भागीदारी रही।

### जल अर्पित करने से प्रसन्न हो जाते हैं महादेव



**तखतपुर।** नगर के पुराना थाना में आयोजित शिव महापुराण कथा में शामिल होकर विधायक धर्मजीत सिंह ने कथा श्रवण किया। इस अवसर पर कथा विस्तार करते हुए कथा वाचक पं नवीन पाठक ने कहा कि भगवान शिव अपने भक्तों की हर तकलीफ को बहुत ही आसान उपाय में दूर कर देते हैं। व्यक्ति के पास यदि कोई भी सामग्री नहीं है तो केवल एक लोटा जल अर्पित कर देने से महादेव प्रसन्न हो जाते हैं। विधायक धर्मजीत सिंह ने कहा कि महादेव जिन्हें हम सभी भोले बाबा कहते हैं जिनकी कथा से कथा का श्रवण कर व्यक्ति का जीवन ध्यन हो जाता है। इस मौके पर कुलवंत सिंह हूरा, संतोष कौशिक, बंशी पांड़े, बसंत गुप्ता, पारस सोनी, भगवती गुप्ता, नारायण सिंह ठाकुर, किशन सचदेव, अमित मंदानी, कृष्ण कुमार साहू, मोहित राजपूत, ज्ञान सिंह, सुरेश देवांगन, हरजीत इच्छपुरानी, रविन्द्र खुराना, त्रिलोक सिंह बग्गा, उपेंद्र खुराना, रमन हूरा, निक्कू मुच्छल आदि मौजूद थे।

### सड़क किनारे लावारिस हालत में मिली महापुरुषों की तस्वीर



**लोरमी।** ग्राम साल्हेघोरी पथर्री के बीच मुख्य मार्ग पर देश के महापुरुषों की तस्वीर सड़क पर लावारिस हालत में मिलने का मामला प्रकाश में आया है। शिक्षा विभाग ने थाने में इसकी शिकायत की है। एसडीएम ने स्थल निरीक्षण कर जांच कमेटी गठित की है।

जानकारी के अनुसार ग्राम पथर्री एवं साल्हेघोरी के बीच मुक्तिधाम के पास देश के महापुरुषों एवं धार्मिक तस्वीरों का सड़क में लावारिस हालत में मिलने का मामला तूल पकड़ते जा रहा है, जिन तस्वीरों को स्कूलों एवं सार्वजनिक स्थानों में छत्तीसगढ़ शासन ने प्रदान कर उनका सम्मान दिया गया था, स्कूलों में लगने वाली यह तस्वीर अब सड़कों पर पड़ी मिली। यह तस्वीर सड़कों में कैसे आई क्यों आई, किस स्कूल की यह तस्वीर हैं, सड़क में लावारिस हालत में कौन फेंका है यह जांच का विषय है। ग्रामीणों ने मामले की जांच कर कार्यवाही करने की मांग की है। ग्रामीणों ने बताया कि पास ही एक सरकारी स्कूल है, लेकिन यह तस्वीर किस स्कूल की है, यह जांच का विषय हैं। पथर्री निवासी दिलीप साहू ने बताया कि रविवार को शाम 5 बजे वह मित्रों के साथ साल्हेघोरी काम से बाइक से निकले थे कि अचानक उसकी नजर लावारिस हालत में पड़ी देश महापुरुष की तस्वीर पर पड़ी जो उनको अपमान जनक लगा और शिक्षा विभाग के बीईओ को सूचना भी दी। उन्होंने मामले में जांच के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया है। इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि श्यामलाल साहू, उपसरपंच अनिल निर्मलकर, नंदलाल रजक एवम ग्रामवासी बडी संख्या में उपस्थित रहे। डिंडौरी चौकी प्रभारी लखीराम नेताम ने बताया कि प्राचार्य ने शिकायत की है, जांच की जा रही है। प्रभारी बीईओ मनीषा पाटले ने बताया कि मामले में प्राचार्य को एफआईआर कराने निर्देशित किया गया है।

**की जा रही है जांच**

मैं घटनास्थल पर गया था। कुछ तस्वीर पड़ी थी, जिसे मैं लेकर आया हूं। महापुरुषों का अपमान बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मामले में शिक्षा विभाग की कमेटी गठित की गई है। पुलिस भी मामले में जांच कर रही है।

**-अजीत पुजारी**, एसडीएम



## खबर संक्षेप

### झपट्टा मारकर मोबाइल लूटने वाले 2 गिरफ्तार

**बिलासपुर।** झपट्टा मारकर मोबाइल लूटने वाले दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सरकण्डा पुलिस के अनुसार, सिरगिट्टी नयापारा निवासी मनीष यादव 4 नवंबर 2024 को काम से बहतराई जा रहे थे। नाग नागिन के पास स्कूटी सवार दो युवकों ने झपट्टा मारकर उनका मोबाइल लूट लिया और भाग गए। पुलिस ने पतासाजी कर कपिल उर्फ गोल्डी खाण्डे पिता चंद्रेश कुमार 22 साल चांटीडीह, विजय बैरागी पिता श्यामलाल 24 साल बहतराई अटल आवास निवासी को पकड़कर मोबाइल बरामद कर लिया है। पुलिस ने दोनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया है।

### दो किलो गांजा सहित महिला गिरफ्तार

**बिलासपुर।** पुलिस ने 2 किलो गांजा सहित महिला को गिरफ्तार कर लिया है। सीपत पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर नव निमार्ण ढाबा के पास दबिश देकर मटियारी निवासी शारदा शिकारी पति सचिन शिकारी 35 साल को पकड़ लिया। तलाशी लेने पर 2 किलो गांजा मिला। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत गांजा जब्त कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

### लाश मिलने की खबर से हड़कंप, मिला कुत्ते का शव

**बिलासपुर।** सोमवार की रात मेडिकल काम्प्लेक्स में लाश मिलने की खबर से हड़कंप मच गया। प्रारंभ में बिना बाल का सिर दिखने पर पुलिस ने तीन घण्टे मशक्कत कर खोदाई करने बाद बाहर निकाला तो कुत्ते का शव मिला। इससे के बाद पुलिस लौट गई। कोतवाली टीआई विवेक पाण्डेय ने बताया, 28 जुलाई की शाम तेलीपारा मेडिकल काम्प्लेक्स परिसर में लोगों ने एक व्यक्ति की दबी हुई लाश होने की सूचना दी। बिना बाल का सिर जैसा दिखाई दे रहा था। देखते ही मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। मानव सिर जैसा दिखाई देने पर पुलिस जमीन खोलकर लाश निकालवाई। तीन घण्टे मशक्कत के बाद बाहर निकालने पर कुत्ते का शव निकला।

### गोस्वामी तुलसीदास की जयंती 31 को

**बिलासपुर।** कान्यकुब्ज ब्राह्मण विकास मंच छत्तीसगढ़ द्वारा श्री रामचरित मानस के रचयिता युग पुरुष गोस्वामी तुलसीदास की जयंती मनाई जाएगी। मंच के प्रदेश संगठन सचिव पं सुदेश दुबे ने बताया कि मंच द्वारा नवनिर्मित आशीर्वाद भवन लोखंडी परिसर में गोस्वामी तुलसीदास की 528 वीं जयंती पर 31 जुलाई को सुबह 10 बजे गोस्वामी तुलसीदास की मूर्ति की पूजा अर्चना की जाएगी। हनुमान चालीसा का पाठ किया जाएगा एवं प्रसाद वितरण किया जाएगा। मंच के प्रदेशाध्यक्ष बी के पांडेय, अनूप पांडेय, संजय तिवारी, राजेश पाण्डेय, शास्वत तिवारी एवं युवा प्रकोष्ठ के प्रदेशाध्यक्ष अमित तिवारी ने सदस्यों से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

### अभ्यर्थियों को मिलेगी प्रोत्साहन राशि

**बिलासपुर।** अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के स्थायी जाति प्रमाण पत्र धारक ऐसे अभ्यर्थी जिन्होंने वर्ष 2025 में संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा में सफलता प्राप्त की है। उन्हें 1 लाख रुपए प्रोत्साहन राशि देगी। पात्र अभ्यर्थी 12 अगस्त तक आवेदन-पत्र आयुक्त, आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, ब्लाक-डी, भूतल, इंद्रावती भवन, अटल नगर, नवा रायपुर में जमा कर सकते हैं।

# तिफरा फ्लाईओवर में बीचोबीच डिवाइडर, हो चुकी हैं दर्जनों दुर्घटनाएं




**बिलासपुर।** राजीव गांधी चौक से तिफरा की ओर जाने के दौरान शुरूआती दौर में ही फ्लाईओवर पर बनाया गया डिवाइडर आए दिन दुर्घटना को अंजाम दे रहा है। तिफरा की ओर जाते समय तो यह वाहन चालकों को आसानी से दिखाई पड़ता है, लेकिन तिफरा से शहर की ओर आने पर फ्लाईओवर के अंत में अचानक बीचोंबीच आए डिवाइडर पर चालकों की नज़र नहीं पड़ती और वाहन सीधे डिवाइडर पर चढ़कर दुर्घटनाग्रस्त हो जाते हैं। इस स्थान पर अब तक पंद्रह से अधिक बार दुर्घटना घट चुकी है, लेकिन इसे नहीं हटाया जा सका है।

सड़क पर रोड डिवाइडर का निर्माण आमतौर पर दुर्घटनाओं को रोकने के लिए किया जाता है। इसके विपरीत राजीव गांधी चौक से तिफरा फ्लाईओवर के शुरूआती दौर में ही बनाया गया डिवाइडर आए दिन होने वाली दुर्घटना के लिए एकमात्र कारण है। राजीव गांधी चौक से फ्लाईओवर के बीच सुलभ व सुरक्षित आवागमन के लिए इसे बनाया गया है, लेकिन डिवाइडर को फ्लाईओवर प्रारंभ होने के पहले ही समाप्त कर देने के बजाए फ्लाईओवर के ऊपर काफी आगे तक चढ़ा दिया गया है।

■ आए दिन दुर्घटनाग्रस्त हो रहे रायपुर की ओर से आने वाले वाहन चालक

तिफरा की ओर जाते समय लोग पहले से ही डिवाइडर के एक हिस्से में अपनी-अपनी साईड में वाहन चलाते हुए आगे बढ़ते हैं, जिससे कोई दिक्कत नहीं होती। चूंकि फ्लाईओवर पर बीचोबीच कोई डिवाइडर नहीं है, जिससे लोग अपने अनुमान के हिसाब से वाहन चलाते हैं, लेकिन तिफरा से शहर की ओर आते समय राजीव गांधी चौक के ठीक पहले व फ्लाईओवर के अंतिम स्थान पर अचानक डिवाइडर आ जाने से लोग अंदाजा नहीं लगा पाते और वाहन सीधे डिवाइडर पर ही चढ़ जाता है। रोड डिवाइडर पर चढ़ने वाले वाहनों में चारपहिया वाहन ही हैं। सोमवार को भी एक ट्रक डिवाइडर पर चढ़कर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। लगातार इतनी दुर्घटना होने के बाद भी पीडब्ल्यूडी के सेतु डिवीजन द्वारा इस मार्ग से डिवाइडर को हटाने की कार्यवाही नहीं करना समझ से परे है।

### गाड़ियों की कमी के कारण कचरा नियमित रूप से नहीं उठ रहा

# नंबर एक पर नजर, इसके लिए नए क्षेत्रों में देना होगा ध्यान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

स्वच्छता रैंकिंग में नंबर दो पर आने के बाद अब बिलासपुर निगम ने नंबर एक की ओर कदम बढ़ा दिया है। इसके लिए हालांकि निगम को कई प्रयास करने होंगे तो शहरवासियों को भी जागरूक होना होगा। फिलहाल सबसे अधिक समस्या निगम में 6 साल पहले जुड़े नए क्षेत्रों की है।

दरअसल नगर निगम द्वारा 2019 में तिफरा, सिरगिट्टी, सकरी नगर पंचायत और 15 ग्राम पंचायतों को निगम सीमा में शामिल किया गया था, लेकिन इतने सालों बाद भी इन क्षेत्रों में नाली, पानी, बिजली, सफाई जैसी समस्याओं से नागरिक परेशान हैं। खास तौर पर सफाई व्यवस्था पटरी पर नहीं आ सकी है। इसके कारण गंदगी और जलजनित बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन के बावजूद, गाड़ियों की कमी के कारण कचरा नियमित रूप से नहीं उठाया जा रहा है।

### पंचायतों के साथ हो रहा पक्षपात

दरअसल निगम में शामिल होने के बावजूद पंचायत क्षेत्रों को वो सभी सुविधाएं नहीं मिल रही हैं, जो निगम एरिया में लागू है। स्ट्रीट लाइट, पेयजल, सड़क की तरह सफाई के मामले में भी पंचायतों के साथ भेदभाव की स्थिति है। 18 पंचायत क्षेत्रों की आबादी 1 लाख 62 हजार है। पंचायतों में कचरा उठाने के लिए 39 डीजल गाड़ियां, 37 ई-रिक्शा और 26 मैनुअल रिक्शा हैं। इसके अलावा 302 कर्मचारी भी हैं। 4 लाख की आबादी वाले शहरी क्षेत्र में डोर टू डोर कचरा कलेक्शन के लिए 70 गाड़ियां चल रही हैं। शहर में जहां कचरा उठाने के लिए गाड़ियां रोज पहुंच रही है, वहीं गांवों में दो तीन दिन में एक बार गाड़ी आती है।


बंधवापारा वार्ड क्रमांक 1 में फैला कचरा।


चांटापारा महंती स्कूल के पास सड़क पर फैला कचरा व गंदगी।

### यह है सकरी क्षेत्र की हालत

■ वार्ड क्रमांक 1 बजरंग नगर सकरी के बंधवापारा में जगह जगह कचरे का ढेर नजर आ जाता है। यहां के रहने वाले लोग कई बार जोन कार्यालय में सफाई के लिए चक्कर लगा चुके है, लेकिन समस्या जस की तस बनी रहती है। अब स्थानीय लोगों ने निगम अधिकारियों से गुहार लगाना भी बंद कर दिया है।

■ वार्ड क्रमांक 2 के रहवासियों का कहना है कि, सड़क और नाली की सफाई तो देर सबेर हो ही जाती है, लेकिन नाली सफाई के बाद अंदर से निकली गंदगी को हटाने में निगम एक सप्ताह तक लगा देता है, जिसके कारण इससे निकलने वाले दुर्गंध से स्थानीय लोग परेशान रहते है।

■ वार्ड क्रमांक 3 साईं आनंदम रोड पर स्थित अटल आवास के पास सड़क किनारे कचरे का अंबार नजर आता है, जबकि इसी सड़क से पाश कालोनी की एंट्री है। इसी रास्ते से कालोनीवासी में एवं घुरू के लोग आना जाना करते हैं। यहां की नालिया भी अक्सर जाम रहती है, गंदा पानी लोगों के घरों में घुसता है।

■ वार्ड क्रमांक 14 शिक्षक कालोनी के लोग आए दिन नाली जाम एवं सड़क पर पड़े कचरे की साफ सफाई नहीं होने से परेशान रहते हैं। उनका कहना है कि घर से कचरा लेने तो गाड़ी आती है लेकिन सड़क पर सफाई करने अमला कभी कभार पहुंचता है जिससे गंदगी फैली रहती है।

**आज तक नहीं सुधरी सिरगिट्टी की हालत**

सिरगिट्टी की बात करें तो आवासपारा से मन्नाडोल तक जाने वाली क्षेत्र में नालियों की सफाई महीनों से नहीं हुई है। इसी तरह क्षेत्र के महिमा नगर, आदर्श नगर के साथ अन्य क्षेत्र के अंदरूनी हिस्से का जायजा लेने पर पता चला कि नाली तो बनाई गई है लेकिन बन्नाक चौक से रेलवे फाटक तक की सड़क पर पक्की नाली आज तक नहीं बनाई गई है। ऐसे में घरों से निकलने वाला पानी क्षेत्र के जगह-जगह में डबरे का निर्माण करता है।

### सभी घरों से उठाया जा रहा कचरा

तिफरा में निर्माण और तोड़फोड़ के मलबे से उपयोगी चीजें (गमले, ईंटें, ब्लॉक) बनाने के लिए सीएंडडी वेस्ट प्लांट की स्थापना की गई है। इसके साथ ही पूरे शहर में 100 प्रतिशत घरों से कचरा उठाया जा रहा है। पुराने वार्डों में निजी कंपनी और नए वार्डों में स्वच्छता दीदियों द्वारा यह काम किया जा रहा है। नए जुड़े क्षेत्रों में कचरा कलेक्शन बेहतर करने के लिए 36 नई गाड़ियां खरीदी गई, जिससे अब पूरे शहर में कुल 162 गाड़ियां काम कर रही हैं। सफाई कर्मचारियों की संख्या बढ़ाकर 2063 की गई और सफाई क्षेत्र (बीट्स) को 750 तक बढ़ाया गया। पूरे शहर में हर दिन लगभग 49.34 किमी सड़कों की सफाई मशीनों और मैन्युअल तरीके से की जाती हैं। जहां कमी होगी वहां भी ध्यान दिया जाएगा।

\- श्रीमती पूजा विधानी, महापौर

### सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पकड़े गए

# नाबालिग से छेड़खानी कर कपड़ा फाड़ा, दो गिरफ्तार

**बिलासपुर।** देर रात काम से छुट्टी होने के बाद घर लौट रही नाबालिग को देखकर बाइक सवार दो युवकों ने छेड़खानी करते हुए उसका कपड़ा फाड़ दिया। नाबालिग के शोर मचाने पर युवक भाग खड़े हुए। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने दोनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया है।

■ बाइक में लिखा लड़की शकल नहीं औकात देखती है ब्रो

तोरवा टीआई अभय सिंह बैस ने बताया, क्षेत्र की रहने वाली एक युवती निजी संस्थान में काम करती है। छुट्टी होने के बाद रात 11.30 बजे वह अकेले घर जा रही थी। लालखदान मुख्य मार्ग पर लाल रंग की पल्सर में सवार दो युवक आए और उनके साथ छेड़खानी करने लगे। नाबालिग ने विरोध किया तो दोनों युवकों ने उसका कपड़ा फाड़ दिया। नाबालिग के शोर मचाने पर दोनों युवक बाइक मोड़कर भाग निकले। लोगों के आने पर नाबालिग ने घटना की जानकारी दी। लोगों ने तोरवा पुलिस को सूचना दी। तत्काल श्री बैस स्टाफ के साथ मौके पर पहुंच गए। सीसीटीवी फुटेज खंगालने पर पल्सर सवार दो युवक नजर आए। बाइक में लड़की शकल नहीं औकात देखती है ब्रो लिखा हुआ था। उसके आधार पर पुलिस युवकों की पहचान करने में जुट गई। काफी मशक्कत के बाद पहचान होने पर पुलिस ने गतौरा में दबिश देकर दोनों युवकों को पकड़ लिया। कड़ाई से पूछताछ करने पर दोनों ने छेड़खानी करना स्वीकार कर लिया है। पुलिस ने दोनों युवकों को गिरफ्तार कर बाइक जब्त कर लिया है।


पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

### पकड़े गए आरोपी

■ बाबी बंजारे पिता गिरधारी बंजारे 25 साल गतौरा अंबेडकर चौक
■ सिकंदर सोनवानी पिता सुरेश सोनवानी 22 साल गतौरा अंबेडकर चौक

### लूट के मामले में जेल गया था एक आरोपी

पकड़ा गया आरोपी बाबी बंजारे पूर्व में लूट के मामले में जेल जा चुका है। संभावना जताई जा रही है दोनों युवक रात में लूट की नीयत से घूम रहे थे। रात में लड़की को अकेले जाते देख नीयत खराब हो गई और वे छेड़खानी करने लगे।

# चलती ट्रेन में चढ़ने का प्रयास करते फिसला यात्री का पैर

**बिलासपुर।** रेलवे स्टेशन बिलासपुर में चलती ट्रेन में चढ़ने का प्रयास करने के दौरान यात्री का पैर फिसल गया और वह सीधे ट्रैक और ट्रेन के बीच में जाकर फंस गया। ट्रेन के पहिए में आने से उसके दोनों पैर कट गए। चेन पुलिंग करने के बाद यात्री का बाहर निकालकर उपचार के लिए तत्काल हास्पिटल भेजा गया, जहां उसकी हालत गंभीर है।

■ कट गए दोनों पांव, उपचार के लिए किया गया भर्ती



जोनल रेलवे स्टेशन बिलासपुर में सोमवार की सुबह दुर्ग से आरा जंक्शन जाने वाली साउथ बिहार एक्सप्रेस में हुई। 13287 दुर्ग जंक्शन से आरा जंक्शन जाने वाली साउथ बिहार एक्सप्रेस सोमवार की सुबह 10.03 बजे बिलासपुर स्टेशन पहुंची थी। प्लेटफार्म नम्बर एक पर करीब 15 मिनट तक स्टापेज के बीच ट्रेन स्टेशन से 10 बजकर 18 मिनट पर रवाना होने लगी। इसी समय ट्रेन के पीछे से तीसरे नंबर पर लगे जनरल कोच में एक यात्री चलती ट्रेन में चढ़ने का प्रयास करने लगा। इस दौरान उसका पैर फिसल गया और वह प्लेटफार्म से सीधे नीचे गिरकर ट्रैक और ट्रेन के बीच में फंस गया। यात्री को नीचे गिरते हुए कोच के यात्रियों ने चिल्लाना शुरु कर दिया। आवाज सुनकर ट्रेन के मैनेजर ने प्रेशर ड्राप कर गाड़ी को खड़े किया। अंदर फंसे यात्री को बाहर निकालकर प्लेटफार्म में लाकर स्टेशन में संचालित होने वाले ई लाइट हास्पिटल के एंबुलेंस के चालक श्याम आनंद और नर्स आरती सिंगरौल के साथ उपचार के लिए तत्काल सिम्स हास्पिटल में भर्ती कर जीआरपी को सूचित किया गया। मेमो के आधार पर जीआरपी ने छानबीन की, जिसमें घायल यात्री का नाम बिहार विदेशी टोला निवासी सिकंदर यादव पिता बृजलाल चौधरी 34 वर्ष की जानकारी मिली, जो रायपुर से पटना तक सफर कर रहा था। ट्रेन के पहिए की चपेट में आने से उसके दोनों पैर कट गए हैं। हालत गंभीर होने के कारण डॉक्टर ने भी पूछताछ करने के लिए मना कर दिया है। फिलहाल जीआरपी ने घायल यात्री के परिजन को सूचित कर दिया है।

### ट्रेन की टक्कर से बारहसिंगा की मौत

इसी तरह बिलासपुर से कटनी सेक्शन के बीच खोंगसरा स्टेशन के पास ट्रेन की टक्कर से एक बारहसिंघा की मौत हो गई, जिसके कारण रेल यातायात भी प्रभावित हुआ। बिलासपुर से पेण्ड्रारोड रेलवे स्टेशन के बीच घने जंगल पड़ते हैं, जिसके कारण रेलवे ट्रैक पर भी वन्यप्राणी भटकते हुए पहुंच जाते हैं। इन वन्यप्राणियों की निगरानी करने वाला वन विभाग का अमला भी सुरक्षा नहीं कर पाता है, जिसके कारण महीने में दो से तीन ट्रेन की टक्कर से वन्यप्राणियों की मौत की घटनाएं होती रहती हैं। इसी तरह सोमवार की सुबह खोंगसरा रेलवे स्टेशन के पास बारहसिंघा की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। इस घटना की जानकारी तत्काल वन विभाग के चौकीदार को दी गई। चौकीदार ने विभागीय अमले को सूचित किया, लेकिन सूचना मिलने के बाद भी घंटो विभागीय टीम मौके पर नहीं पहुंच सकी। बारहसिंघा की मौत के कारण कुछ देर तक रेल यातायात भी प्रभावित हुआ।

### युवक ने लगाई फांसी

**बिलासपुर।** एक युवक ने पेड़ में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

रतनपुर टीआई नरेश चौहान ने बताया, मदनपुर निवासी महाकाल साहू पिता गणेश साहू 21 साल ने घर के नीम पेड़ में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। मृतक नशे करने का आदि था। आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है। पुलिस मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है।




हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152

### पति-पत्नी को मृत घोषित कर फर्जी दस्तावेज से जमीन बेच दी

**बिलासपुर।** पति पत्नी को मृत घोषित कर फर्जी दस्तावेज से उनकी जमीन को बेचने वाली महिला के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज कर लिया है। पुराना पावर हाउस जेपी पार्क अपार्टमेंट निवासी अनुराधा सेनापति पति शांतनु कुमार सेनापति ने तोरवा थाने में रिपोर्ट लिखाई। उनकी तोरवा क्षेत्र में खसरा नम्बर 1276/8 रकबा 0.028 हेक्टेयर जमीन है। उक्त जमीन को सरकण्डा बंगालीपारा निवासी सावित्री तिवारी पति पुरूषोत्तम तिवारी ने श्रीमती सेनापति व उनके पति को मृत घोषित कर तहसील कार्यालय में फर्जी दस्तावेज प्रस्तुत किया, फिर 31 अगस्त 2019 को सावित्री तिवारी ने अपने नाम पर नामांतरण कर उक्त जमीन को नागेश्वर राव पिता स्व. कालीराव को बेच दिया। नागेश्वर राव ने उक्त जमीन को अर्चना कश्यप पति परमेश्वर कश्यप को बेच दिया। वहीं बचत जमीन को सावित्री तिवारी ने सतीश अग्रवाल पिता सीएल अग्रवाल को बेच दिया है। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर सावित्री तिवारी के खिलाफ बीएनएस की धारा 420, 467, 468, 471 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

■ महिला के खिलाफ जुर्म दर्ज


थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते जीवित पति-पत्नी।

### प्रार्थना सभा की आड़ में धर्म परिवर्तन महिलाओं के खिलाफ जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** प्रार्थना सभा की आड़ में धर्म परिवर्तन कराने पर हिंदू संगठन के लोगों ने विरोध कर जमकर हंगामा मचाया। पुलिस ने धर्म परिवर्तन कराने वाली महिलाओं के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज कर लिया है। टिकरापारा मन्नू चौक निवासी प्रभा तिवारी बाजपेयी पति मुकेश तिवारी ने सरकण्डा थाने में रिपोर्ट लिखाई। वे समाज सेविका हैं और 27 जुलाई को उन्हें सूचना मिली बंधवापारा इमलीभाठा स्थित एक भवन में रूखमणी गेंदले, पूनम साहू व अन्य के द्वारा लोगों को प्रलोभित कर ईश की प्रार्थना कराकर बिना अनुमति के भवन को प्रार्थना सभा में बदलकर धर्म परिवर्तन कराया जा रहा है। वे संगठन के सदस्यों के साथ वहां गईं, तो महिलाओं के द्वारा प्रार्थना कराकर हिंदू लोगों का धर्म परिवर्तन कराया जा रहा था। हिंदू संगठन के लोगों ने विरोध करते हुए जमकर हंगामा मचाया गया। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर रूखमणी गेंदले, पूनम साहू एवं अन्य लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 299 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

